# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–80 । सागर, शुक्रवार 9 मई 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए



नदी तालाब सूखे और हैंडपंपों ने तोड़ा दम, दूर से पानी ढोकर लाने को मजबूर — पृष्ठ 3

हिंद की सेना का जवाब कि, 'हां तुम एक विफल राष्ट्र हो!' — पृष्ठ 4

10 दिन से बंद थी पानी की आपूर्ति, खबर में बाद कस्बे में शुरू हुई जल आपूर्ति — पृष्ठ 6

स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास कार्यों में लाए तेजी — पृष्ठ 8


## जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान को निशाना बनाकर पाकिस्तान ने दागी मिसाईलें, भारत कर रहा नाकाम

# लाहौर पर भारत ने किया बड़ा हमला

## पाक के युद्धक विमान एफ-16 और एफ-17 मार गिराए

**नई दिल्ली, जम्मू कश्मीर, देशबन्धु।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने जहां भारत के 15 शहरों को निशाना बनाने की नाकाम कोशिश की वहीं रात को फिर मिसाईलें दागीं। जिन्हें भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। पाकिस्तान की यह हिमाकत देखते हुए भारत ने बड़ा जवाबी हमला किया है और रात 9 बजे के बाद लाहौर पर सीधा ड्रोन से मिसाईल अटैक किया गया है। वहां लाहौर के एयर डिफेंस सिस्टम को भी भारत ने ध्वस्त का दिया है। विदेश मंत्री जयशंकर प्रसाद ने कहा है कि- भारत पाकिस्तान की इस गलत कोशिश का मुंहतोड़ जवाब देगा उन्होंने यूरोपियन यूनियन से भी बात की। उधर भारतीय सेना ने अपने अदम्य शैर्य का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के युद्धक विमान एफ–16 और एफ–17 को मार गिराए हैं जिससे पाकिस्तानी सेना और हुक्मरानों में हड़कम्प है। समाचार लिखे जाने तक भारत के भरपूर वार ने पाकिस्तान की कई मिसाईलों को नष्ट कर दिया और उनके रक्षा उपकरणों पर भी बड़ी तबाही बरपा रहा है।



## भारत के 15 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की नाकाम कोशिश

# पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम किया तबाह

पहलगाम हमले के जवाब में भारत के मिसाइल हमलों के बाद पाकिस्तान बौखला गया है। अपनी बौखलाहट में उसने भारत के कई अग्रिम स्थानों पर गोलाबारी की है। हालांकि, भारतीय सेनाओं की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी खामियाजा उठाना पड़ा है। भारत की सीमा से सटे पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर लाहौर में उसे काफी नुकसान पहुंचा है। भारत ने लाहौर में पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। इसी के साथ, पाकिस्तान ने भारत में 15 शहरों में स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे सेना ने नाकाम कर दिया। गुरुवार शाम विदेश सचिव विवेक मिस्त्री, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने दोबारा प्रेस ब्रीफिंग कर इस जानकारी को दोहराया। गुरुवार सुबह से पाकिस्तानी मीडिया के हवाले से इस तरह की खबरें सामने आ रही थीं कि लाहौर में कुछ धमाके सुनाई दिए हैं। अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों से भी इसी तरह की खबरें सामने आ रही थीं। इसके बाद सरकार के पत्र सूचना कार्यालय यानी पीआईबी की तरफ से दोपहर 2:34 बजे एक वक्तव्य जारी किया गया। इसमें कहा गया कि माहौल को और तनावपूर्ण बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को

## एस-400 मिसाइल सिस्टम से हमलों को नाकाम किया



## धर्मशाला में आईपीएल मैच रद्द

उधर भारत द्वारा तगड़ा जवाब देने और नसीहत के बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। रात को पुंछ और हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में मिसाईलें दागी गईं जिन्हें भारतीय सेना के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। खबर है कि पुंछ के गुरुद्वारे पर हमला किया गया जिसमें कुछ बच्चों की मौत होने की खबर है। दूसरी ओर जोधपुर में भी पाकिस्तानी हमले को देखते हुए रात्रि 12 से प्रात: 4 बजे तक पूर्ण ब्लैक आउट का ऐलान किया गया है। उधर धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले जा रहे आईपीएल मैच नं. 58 को सीमा पर हमले की वजह से रोक दिया गया और बाद में उसे रद्द करने की घोषणा कर दी गई। खतरे को देखते हुए धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम की सभी फ्लड लाईट बंद कर दी गईं और मैच बीच में ही रोक दिया गया।

## नियंत्रण रेखा पर गोलाबारी में 16 लोगों की जान गई

पाकिस्तान नियंत्रण रेखा स्थित जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उड़ी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टर में मोर्टार से गोले दाग रहा है, इनमें 16 नागरिकों की जान गई है। इनमें तीन महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं। यहां भी भारत को पाकिस्तान को करारा जवाब देना पड़ा, जिसके बाद पाकिस्तान को गोलाबारी रोकना पड़ी।

### ऑपरेशन सिंदूर पर सर्वदलीय बैठक हुई

## सभी दलों ने सरकार व सेना के कदम का समर्थन किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट करने की कार्रवाई के संबंध में विभिन्न राजनीतिक दलों को जानकारी देने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अध्यक्षता की और भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए इस ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी सभी दलों के नेताओं के साथ साझा की। बैठक में सभी दलों ने एकजुटता दिखाते हुए सरकार और सेना के इस कदम का समर्थन किया। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, आज सर्वदलीय बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बहुत अच्छे से हुई है। गंभीर विषय था इसलिए सभी ने गंभीरता से अपने बात रखी। सबसे पहले रक्षा मंत्री ने सभी नेताओं को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। इसके बाद सभी ने अपना मत रखा और सुझाव भी दिए। सभी नेताओं ने सेनाओं को बधाई भी दी। कहा कि हम एकजुट हैं और सेना की हर कार्रवाई में साथ देंगे। मैं सभी नेताओं को धन्यवाद करता हूं और ये सकारात्मक बैठक थी।

रिजिजू ने फेक न्यूज के प्रति भी आगाह किया। उन्होंने कहा, कई फेक न्यूज फैलाई जा रही हैं। मैं सभी से अपील करता हूं कि केवल प्रामाणिक सूचनाओं पर भरोसा करें और असत्यापित खबरों से बचें। उन्होंने नेताओं द्वारा दिए गए सुझावों को मूल्यवान बताया और कहा कि सरकार इन पर विचार करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बैठक के बाद कहा कि उनकी पार्टी ने सरकार को पूर्ण समर्थन दिया है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सुझाव दिया कि संसद का विशेष सत्र बुलाकर इस मुद्दे पर चर्चा की जाए।

### आदेश जारी, 5 किस्तों में होगा एरियर का भुगतान

## प्रदेश के कर्मचारियों को मिलेगा 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों और पेंशनर्स को बड़ी राहत देते हुए 1 मई 2025 से 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने का आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा और कैबिनेट की मंजूरी के बाद वित्त विभाग ने जारी किए हैं। इसका लाभ सातवें और छठवें वेतनमान के तहत आने वाले कर्मचारियों, पेंशनरों को मिलेगा। वित्त विभाग के आदेश के अनुसार, सातवें वेतनमान के अंतर्गत फिलहाल फरवरी 2024 से 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा था। अब यह एक मई 2025 से बढ़ाकर 55 प्रतिशत कर दिया गया है, जिसका भुगतान जून 2025 से होगा। वहीं एक जुलाई 2024 से 30 अप्रैल 2025 तक की एरियर राशि को पांच समान किश्तों में जून से अक्टूबर 2025 के बीच वितरित किया जाएगा। जो अधिकारी–कर्मचारी एक जुलाई 2024 से 31 मई 2025 के बीच सेवानिवृत्त होंगे या जिनकी इस अवधि में मृत्यु हो चुकी है, उन्हें अथवा उनके नामित परिजनों को भी एरियर का भुगतान किया जाएगा।पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स के लिए भी महंगाई राहत बढ़ा दी गई है। उन्हें एक मार्च 2025 से सातवें वेतनमान पर 53 प्रतिशत और छठे वेतनमान पर 246 प्रतिशत दर से राहत दी जाएगी। इससे पहले वे क्रमश: 50 प्रतिशत और 239 प्रतिशत की दर से राहत पा रहे थे। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लिए गए निर्णय पर मध्यप्रदेश ने सहमति प्रदान की है। छठवां वेतनमान पा रहे कर्मचारियों को एक जुलाई 2024 से 246 प्रतिशत और एक जनवरी 2025 से 252 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिलेगा।

## उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर क्रेश, 6 की मौत

- मुख्यमंत्री धामी ने जांच के दिए निर्देश

**उत्तरकाशी, देशबन्धु।** गुरूवार की सुबह जनपद के गंगनानी के समीप एक हेलीकॉप्टर के क्रेश होने से पायलेट सहित उसमे सवार छह लोगों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। घायलों को उपचार के लिए ऋषिकेश एम्स लाया गया है। हेलीकॉप्टर में कुल सात लोग सवार थे। हेलीकॉप्टर ने दून के सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल के लिए उड़ान भरी थी। गुरुवार की सुबह लगभग आठ बजे हेलीकॉप्टर क्रेश होने की सूचना मिलते ही प्रशासन और राहत–बचाव टीमें मौके की ओर रवाना हो गई। दुर्घटनास्थल पर पहुंचते ही टीमों ने रेस्क्यू शुरू कर दिया। हेलीकॉप्टर में पायलट समेत कुल 7 लोग सवार थे। इनमें से छह लोगों की दुर्घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक व्यक्ति घायल हुआ हैं। बताया जा रहा है कि यह प्राइवेट कम्पनी का हेलीकाप्टर एयरोट्रांस सर्विस का था। दुर्घटनास्थल पर पुलिस, आर्मी फोर्स, आपदा प्रबंधन, 108 एंबुलेंस वाहन, तहसीलदार भटवाड़ी, एसडीएम भटवाड़ी और राजस्व टीम पहुंचीं और उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेलीकॉप्टर हादसे पर दुख जताया है और उन्होंने इस पूरी घटना की जांच के लिए निर्देश भी दिए हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, उत्तरकाशी के गंगनानी के समीप हेलीकॉप्टर क्रैश में कुछ लोगों के हताहत होने का अत्यंत दु:खद समाचार प्राप्त हुआ है। राहत एवं बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई हैं।

### प्रदूषण निकायों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

## दिल्ली, उप्र व हरियाणा के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की सरकारों को फटकार लगाई है। यह फटकार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स में रिक्तियों को लेकर लगाई गई। सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में 55 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि रिक्तियों की वजह से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड काम नहीं कर पा रहे हैं और लगभग खत्म होने के कगार पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की सरकारों को फटकार लगाई है। यह फटकार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स



में रिक्तियों को लेकर लगाई गई। सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में 55 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि रिक्तियों की वजह से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड काम नहीं कर पा रहे हैं और लगभग खत्म होने के कगार पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### निशिकांत दुबे की टिप्पणियां गैर-जिम्मेदाराना

सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे की न्यायपालिका और भारत के मुख्य न्यायाधीश पर की गई टिप्पणियों को बहुत गलत बताया है। कोर्ट ने कहा कि ये टिप्पणियां 'बेहद गैर–जिम्मेदाराना' और ध्यान खींचने वाली हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि ये टिप्पणियां संवैधानिक अदालतों के कामकाज के बारे में उनकी अज्ञानता को दर्शाती हैं। हालांकि, कोर्ट ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। कोर्ट का कहना है कि इस तरह की बेतुकी टिप्पणियों से न्यायपालिका में जनता का विश्वास नहीं डगमगा सकता। कोर्ट ने यह बात वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कही।

### जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग की सिफारिश

जस्टिस यशवंत वर्मा के घर नकदी मिलने के मामले में जांच समिति की रिपोर्ट मिलने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने सख्त कदम उठाया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने की सिफारिश केंद्र से की है। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट तथा जस्टिस वर्मा से मिले जवाब को साझा किया है।


KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

15th nirf — Among Indian Universities Ranked by NIRF, Govt. of India
A++ Grade — Accredited by NAAC
Tier 1 NBA — Re-accredited by NBA All Engineering Programs for 6 Years

KIITEE 2025 PHASE - 2
APPLY ONLINE through KIIT Websites www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
Last Date to Apply 4th June 2025 | No Examination Fee (Computer-Based Test)
KIITEE 2025 Online Test (Phase -2) starts from 8th June to 12th June 2025

Special Consultative Status by the UN-ECOSOC
ABET (US) Accreditation
THE 601-800 University Ranking 2024 — World University Rankings
IET Accredited Programme — The Institute of Engineering and Technology

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE

UG (3 years/4 years)/Integrated (5 years) Programmes [All 4 years Programmes are with Honors/Research]

B.Tech Programmes
- Civil
- Construction Technology
- Electrical
- Electrical & Computer Science
- Mechanical
- Mechanical (Automobile)
- Aerospace
- Mechatronics
- Electronics & Telecommunication
- Electronics & Computer Science
- Electronics & Electrical
- Electronics (VLSI Design & Technology)
- Chemical
- Computer Science & Engineering (CSE)
- CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
- CSE (Data Science)
- CSE (Internet of Things & Cyber Security including Block Chain Technology)
- CSE (Internet of Things)
- Information Technology
- Computer Science & System
- Computer Science & Communication

UG Programmes in other Disciplines
- B.Design (Automobile/Graphic/Product)
- B.Design (Fashion / Textile)
- B.Tech & M.Tech Biotechnology (5yrs)
- B.Tech (Lateral Entry)
- B.Arch
- BCA
- BBA
- B.Sc (Hospitality & Tourism)
- Bachelor of Film & Television Production
- Bachelor of Communication & Journalism
- Bachelor of Physical Education & Sports
- BA Economics
- BA Sociology
- BA English
- BA Psychology
- BA French
- BA Spanish
- BA Japanese
- BA German
- B.Com
- B.Sc (Economics & Data Analytics)
- B.Sc Computer Science
- B.Sc Nursing
- B.Pharma
- D.Pharma
- BA LLB/BBA LLB/B.Sc LLB (Hons) 5yrs

PG (1 year/2 years)/Integrated (5 years) Programmes
- M.Tech
- LLM (1yr)
- MCA
- M.Sc Biotechnology
- M.Sc Applied Microbiology
- M.Arch
- MBA
- MBA in Rural Management
- MBA in Agribusiness Management
- MBA-IEV (Innovation, Entrepreneurship and Venture Development)
- Master of Communication & Journalism
- Master in Urban & Regional Planning
- Master in Yoga & Naturopathy
- Master of Hospital Administration
- Master of Public Health
- MA in Fashion Management
- M. Design (Interior)
- M.Sc Computer Science
- MA Economics
- MA Sociology
- MA English
- MA Psychology
- Master in Public Policy
- M.Com
- M.Sc Physics
- M.Sc Chemistry
- M.Sc Mathematics & Data Science
- Master in Library & Information Sciences
- Master in Physical Education & Sports
- M.Sc Nursing
- Integrated M.Tech & Ph.D
- Ph.D

CAMPUS PLACEMENT 2024 HIGHLIGHTS
700+ Companies | 5585+ Job Offers | ₹53 LPA Highest Salary Offered
₹8.50 LPA Average CTC | 1500+ Paid Internships | 1000+ Students with multiple job offers

Director, Admissions : Admission Cell, Koel Campus, Po- KIIT, Bhubaneswar-751024, Odisha, India,
Ph: 8080 735 735, Fax : 0674 - 2741465, Email: admission@kiit.ac.in, Website: www.kiitee.ac.in

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

# तालाबों का गहरीकरण कर जल संरक्षण को बढ़ावा दें : उपमुख्यमंत्री



**सागर, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के नरयावली में आयोजित तालाब जीवन आधार कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि जल संरचनाओं को गहरा कर उन्हें पुनर्जीवित किया जाये ताकि पानी को पीने योग्य बनाया जा सके। निर्देश दिये कि सभी शासकीय एवं निजी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य किया जाये। श्री शुक्ल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुरू किये गये जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य भूजल स्तर में सुधार लाना और भविष्य में पानी की समस्याओं से निजात पाना है। प्रत्येक ग्रामवासी को जल संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिये और जल संचयन के लिये जन अभियान चलाना चाहिये। उपमुख्यमंत्री ने नगर निगम एवं अन्य निकायों को निर्देश दिये कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के बिना निर्माण की अनुमति न दी जाये। साथ ही उन्होंने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड को तालाबों की खुदाई से निकली मिट्टी किसानों के खेतों में उपयोग करने का सुझाव दिया जिससे खेत तालाब भी बनें और किसानों को लाभ मिले। कार्यक्रम में विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि जल संरक्षण के प्रयासों से गांव-गांव में तालाब, बावड़ियां और अन्य जल स्रोतों को पुनर्जीवित किया जा रहा है। इससे न केवल जल स्तर बढ़ेगा, बल्कि पर्यटन और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने जानकारी दी कि तालाब के चारों ओर पाथवे निर्माण के लिए 10 लाख रुपये स्वीकृत किये गये। इस अवसर पर विधायक प्रदीप लारिया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, प्रभुदयाल कुशवाहा, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, एसडीएम अदिति यादव, जनपद सीईओ एसके प्रजापति समेत अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## 12 वीं में राज्य स्तरीय 7 वीं रैंक लाने वाली आरजू सिंह दांगी को पूर्व मंत्री ने बधाई दी



**सागर, देशबन्धु।** जैसीनगर निवासी ब्रजेश सिंह दांगी की पुत्री आरजू सिंह दांगी ने 12 वीं की परीक्षा में मप्र में 7 वीं तथा जिले में प्रथम रैंक हासिल कर परिवार, समाज, नगर व जिले को गौरवान्वित किया है। बेटी आरजू ने परिजनों के साथ पूर्व मंत्री विधायक भूपेन्द्र सिंह से भेंट की। पूर्व मंत्री ने मिठाई खिलाकर बधाई दीं साथ ही उसे उच्च अध्ययन के लिये मार्गदर्शन दिया। एमपी बोर्ड की 12वीं परीक्षा के परिणाम में आरजू को 500 में से 477 अंक मिले हैं जो बड़ी उपलब्धि है। पूर्व मंत्री श्री सिंह ने शुभकामनायें देते हुये कहा कि 1993 से 2003 के बीच जब वे सुरखी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे तब से इस प्रतिभाशाली बिटिया के परिवार से आत्मीय संबंध रहे हैं। आरजू ने उन्हें बताया कि उसने नीट का एग्जाम दिया है और वह आगे एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दाखिला लेना चाहती हैं। इस अवसर पर आरजू के पिता ब्रजेश सिंह दांगी व वरिष्ठ नेता लखन सिंह कुसमगढ़ भी उपस्थित थे।

## दीक्षा चाट भंडार का किया औचक निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने शहर में निरीक्षण कार्यवाही करते हुये पानी पूरी एवं जीरा पानी के नमूनें जांच हेतु लिये। कार्यवाही में राजा मैरिज हाल के पास स्थित दीक्षा चाट भंडार का औचक निरीक्षण किया। दीक्षा चाट भंडार से मिलावटी पानी पूरी ग्राहक को विक्रय करने की सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज हुई थी। उक्त पानी पूरी एवं जीरा पानी के नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर इस संबंध में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। मौके पर चाट भंडार संचालक को परिसर में हमेशा साफ सफाई रखने, चाट मटर में प्रतिबंधित फूड कलर एवं जीरा पानी में टार्टरी का इस्तेमाल नहीं करने के निर्देश दिये गये।

## आचार्यश्री निर्भय सागर ससंघ का धवौली में मंगल प्रवेश आज



**सागर, देशबन्धु।** तपोवन तीर्थ सागर में चातुर्मास एवं पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न कराने के बाद आचार्य श्री निर्भय सागर का अपनी जन्मस्थली धवौली में होने जा रहा है मंगल प्रवेश, आचार्य संघ का मंगल विहार तपोवन जैन तीर्थ से कर्रापुर के लिये हुआ था। वहां से आज प्रातः 7 बजे शुक्रवार को धबौली में भव्य मंगल प्रवेश होगा। धबौली मे शांति विधान, शिखर शुद्धि एवं वेदी शुद्धि होगी। धबौली ग्राम स्थित जैन मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है। समाज के विशेष निवेदन पर आचार्य श्री संघ सहित धबौली पहुंच रहे हैं। आचार्य श्री को शाहपुर, बंडा आदि अनेक नगरों से जैन श्रावकों ने निवेदन किया। आचार्य श्री ने कर्रापुर में धर्म सभा को संबोधित करते हुये कहा कि सभी प्राणियों में ज्ञान दर्शन और शक्ति इत्यादि गुण सब समान है इसलिये सभी को समान समझना चाहिये। सोच दूर की रखो और दृष्टि चार हाथ देखकर चलो तो मंजिल मिल जायेगी। निस्वार्थ भाव से की गई सच्ची सेवा ही कार्य करती हैं। संस्कृति की रक्षा के लिये संस्कार पुराने और देश की रक्षा के लिये सोच नई रखना चाहिये। वचनों के बल से आत्मा का बल घटता और बढ़ता है। दिल में श्रद्धा और दिमाग में दर्द होना चाहिये। जब दिल में तर्क उठने लगता है तब भावनायें आहत होने लगती है। चलती हुई घड़ी और जीवन दोनों चलते हुये अच्छे लगते हैं रुक जाने पर नहीं। मधुर वाणी हर प्राणी से मधुर संबंध बनाती है इसलिये हमेशा मधुर वाणी बोलना चाहिये। आदर, सत्कार, क्षमा और विनय ज्ञानियों के द्वारा दी जाने वाली सबसे बड़ी गिफ्ट है। अच्छे रिश्तो से फरिश्ते भी प्रसन्न होते हैं।

अहम् का दफन करने वालों की अहमियत बढ़ जाती है अहम् करने वालों की हैसियत कम हो जाती है। निस्वार्थ भाव से की गई भलाई, दूध की मलाई की तरह ऊपर आती है। अच्छे लोगों का साथ बुरे लोग भी चाहते हैं। विश्वास ही विश्व की श्वास है। झूठे लोगों के रिश्ते रूठे और टूटे बिना नहीं रहते हैं। आशा और निराशा दोनों दुखदाई है समय पर प्राप्त होने वाली वस्तु का मूल्य बढ़ जाता है।

## एसएसई के तबादले की मांग को लेकर टीआरडी कर्मचारियों ने कार्यालय पर लगाया ताला



**बीना, देशबन्धु।** रेलवे के टीआरडी ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन कार्यालय में गुरुवार सुबह कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया। कर्मचारियों ने कार्यालय में ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष बीएल मिश्रा और अन्य पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। कर्मचारियों का आरोप है कि एसएसई राहुल गोयल उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। वे कर्मचारियों को ट्रांसफर की धमकी देते हैं। समय पर छुट्टी नहीं मिलती है। अतिरिक्त काम कराया जाता है, लेकिन ओवरटाइम नहीं दिया जाता। पांच महीने से यात्रा भत्ता लंबित है। मेडिकल लेने वाले कर्मचारियों की अनुपस्थिति दर्ज की जाती है। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने विभागीय अधिकारियों को लिखित शिकायत सौंपी है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक एसएसई को नहीं बदला जायेगा, हड़ताल जारी रहेगी। वहीं कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के बाद यदि किसी तरह का फॉल्ट आता है तो उसे दूर नहीं किया जा सकेगा, जिससे रेल यातायात प्रभावित हो सकता है। एसएसई राहुल गोयल का कहना है कि सभी आरोप निराधार हैं। उनका कहना है कि स्टाफकी कमी है और कर्मचारी काम करना नहीं चाहते। वे किसी भी रजिस्टर की जांच के लिये तैयार हैं।

## भव्य रामकथा का आयोजन, निकली कलश यात्रा



**मालथौन, देशबन्धु।** बरोदियाकलां में शतचंडी महायज्ञ एवं संगीतमय रामकथा का भव्य आयोजन का शुभारंभ मंगल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। धर्मिक अनुष्ठान के शुभारंभ के अवसर पर गुरुवार को नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुये। कलश यात्रा यज्ञशाला से शुरू हुई जिसमें नगर की महिलाओं, पुरुषों और धर्मप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। इस दौरान भक्तिमय गीतों और ढोल नगाड़ों की मधुर ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर में जगह जगह कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह शतचंडी महायज्ञ 8 से 16 मई तक चलेगा, जबकि संगीतमय रामकथा का आयोजन 9 से 15 मई तक किया जायेगा। कथा का समय प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से हरि इच्छा तक रहेगा और आयोजन स्थल स्टेडियम परिसर निर्धारित है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह शतचंडी महायज्ञ विद्वान पं. सुरेंद्र शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण और संगीतमय रामकथा पं. विपिन बिहारी के द्वारा पाठ किया जायेगा।

## भटियारा नेमा समाज का प्रांतीय सम्मेलन दिसंबर में, जातिगत जनगणना का किया स्वागत

**सागर, देशबन्धु।** भटियारा नेमा समाज का प्रांतीय सम्मेलन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मुख्य अतिथि में आयोजित किया जायेगा एवं जातिगत जनगणना का भटियारा नेमा समाज ने स्वागत किया है। उक्त निर्णय भटियारा नेमा समाज की जिलास्तरीय बैठक में लिया गया। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष एड. महेश नेमा, जिलाध्यक्ष डॉ. डीपी नेमा, पुरुषोत्तम नेमा, आनंद गुप्ता, मुकेश नेमा, अतुल नेमा, कमलेश नेमा, मनोज नेमा, चंद्रभूषण नेमा सहित बड़ी संख्या में सामाज जन मौजूद थे। भटियारा नेमा समाज की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिसंबर माह में प्रांतीय भाटियारा नेमा समाज का प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद लता वानखेड़, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह, शैलेंद्र जैन, प्रदीप लारिया, वीरेंद्र सिंह लोधी, बृज बिहारी पटेरिया, महापौर संगीता तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रांतीय प्रतिनिधि सहित संपूर्ण मप्र के समाजजन मौजूद रहेंगे। प्रांतीय सम्मेलन में संपूर्ण मप्र से आने वाले नव युवक-युवतियों का मिलन समारोह भी आयोजित किया जायेगा एवं भटियारा नेमा समाज की वैवाहिक पत्रिका मिठास का प्रकाशन किया जायेगा। जातिगत जनगणना के निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुये स्वागत किया। निर्णय लिया कि आने वाले समय में होने जातिगत जनगणना में सभी समाजजन जनगणना करने वाले अधिकारी को अपनी जानकारी जाति वाले कॉलम में भटियारा एवं उपजाति में नेमा अंकित करायेंगे। एड. महेश नेमा ने कहा कि समाजजन के पदाधिकारी अपने अपने जिलों में यह विशेष रूप से जानकारी दें जिसमें की जातिगत जनगणना में भटियारा जाति का उल्लेख विशेष रूप से किया जाये। निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री सहित समस्त जनप्रतिनिधियों को दिसंबर माह में आयोजित होने वाले भटियारा नेमा समाज के प्रांतीय सम्मेलन मे आमंत्रित करने के लिये कार्य योजना तैयार करें एवं स्थानीय स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्यमंत्री से मिलने एवं सागर आमंत्रित करने के लिये समय निश्चित किया जाये। बैठक की अंत में पहलगाम में मृत्यु हुई व्यक्तियों के प्रति 2 मिनट का मौन रखते हुये श्रद्धांजलि दी।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**मालथौन, देशबन्धु।** मालथौन खिमलासा रोड पर अज्ञात सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जिसे मौके से सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां चिकित्सीय परीक्षण के दौरान डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार मालथौन खिमलासा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास अज्ञात सड़क हादसे में बाइक सवार युवक में रोड पर डला मिला जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य में ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी पहचान थान सींग पिता भानुप्रताप लोधी उम्र 28 वर्षीय समीस्थ ग्राम सलैया थाना बालाबेहट यूपी निवासी बताया गया। अज्ञात सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया।

## बण्डा की बेटी ने प्रदेश में मारी बाजी



**बण्डा, देशबन्धु।** शास. कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय बण्डा की छात्रा ने प्रदेश की प्रवीण्य सूची में स्थान पाया है जिसने बण्डा का नाम जिले और प्रदेश में गौरांवित किया है। प्राचार्य संतोष चौरसिया के मार्गदर्शन में विद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा अतिरिक्त कक्षायें लगाकर भरपूर मेहनत की गई जिसका परिणाम ये हुआ कि जहां कक्षा दसवीं का परीक्षा प्रणाम गत वर्ष 22.79 था। वही इस वर्ष 65 प्रतिशत वृद्धि होकर 87.5 प्रतिशत हो गया। इसी प्रकार कक्षा बारहवी का गत वर्ष का परीक्षा परिणाम 41 प्रतिशत था जो 53 प्रतिशत वृद्धि के साथ 94 प्रतिशत से भी अधिक हो गया। विद्यालय की छात्रा रोशनी खरे ने कक्षा दसवीं 500 में से 491 अंक प्राप्त करके इतिहास रच दिया है और प्रदेश की प्रवीण्य सूची में दसवीं नंबर पर अपना स्थान बनाया है इसके लिये क्षेत्र की विधायक वीरेंद्र सिंह, जनपद अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सृष्टि जैन, प्राचार्य संतोष चौरसिया समस्त स्टाफ ने छात्रा के घर पहुंचकर मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## बाबा रामपाल पर टिप्पणी करने के विरोध में भक्तों ने दिया ज्ञापन



**बीना, देशबन्धु।** बाबा रामपाल के समर्थक बड़ी संख्या में पुलिस थाने पहुंचे। उन्होंने सोशल मीडिया पर बाबा के खिलाफ की गई टिप्पणी के विरोध में शिकायत दर्ज कराई। समर्थकों ने बताया कि उत्तराखंड के हिमांशु जोशी फेसबुक और यूट्यूब पर बाबा रामपाल के खिलाफ भ्रामक प्रचार कर रहे हैं। जोशी खुद को एक संगठन का अध्यक्ष बताते हैं। समर्थकों का कहना है कि बाबा रामपाल अंधविश्वास के खिलाफ काम करते हैं। वे कुरीतियों को खत्म करने और शाकाहार को बढ़ावा देने का संदेश देते हैं। समर्थकों ने हिमांशु जोशी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। साथ ही चेतावनी दी कि अगर कार्यवाही नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में मिठू, चंद्रभान, दिनेश, राजेंद्र, गणेश, शारदा, चंद्रवती, अनुष्का, नरेंद्र, करतार दास समेत कई लोग शामिल थे।

## पेड़ से टकराई बाइक, एक की मौत

**रहली, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के पटना बुजुर्ग के पास गुरुवार को बाइक बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर घायल हुआ। जिसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। पुलिस के अनुसार उत्तम पिता घनश्याम अहिरवार 55 निवासी गौरझामर के बेटे की कुछ दिन बाद शादी है। वह परिचित और रिश्तेदारों में शादी के कार्ड बांटने के लिये गुरुवार को अपने घर से निकले थे। इसी दौरान रहली जाते समय ग्राम पटना बुजुर्ग के पास बाइक अचानक अनियंत्रित हुई और सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। घटना में उत्तम अहिरवार की मौत हो गई। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया है। शव परिवार वालों को सौंप दिया गया है। मामले में रहली पुलिस प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन की मासिक बैठक संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन की मासिक बैठक का आयोजन स्नेह नगर पार्क में हुआ। बैठक में 22 अप्रैल के पहलगाव में आंतकवादियों द्वारा 28 पर्यटकों की निर्मम हत्या की गई थी। यहां तक की धर्म पूछ पूछकर हत्या की गई। संघ ने इसकी भर्तसना की। इस कृत्य की जितनी निंदा की जाये कम है। प्रतिक्रिया स्वरूप भारत सरकार द्वारा 7 मई को पाक के आतंकवादी ठिकानों पर आपरेशन सिंदूर के तहत कार्यवाही की। भारत की विदेश नीति का इससे परिचय हुआ। सरकार का यह कार्य सराहनीय है। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स यूनियन एवं मप्र कर्मचारी समाज जिला शाखा सागर द्वारा सरकार के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स यूनियन द्वारा राज्य सरकार को कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित 13 मई को दिये जाने वाले ज्ञापन से संबंधित कार्यवाही स्थगित की है। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स यूनियन एवं मप्र अधिकारी कर्मचारी समाज संकट की इस घडी में केन्द्र एवं राज्य सरकार के साथ है। बैठक में नरबहादुर राजपूत, देवेन्द्र सिंह ठाकुर, संतोष कुमार तिवारी, डीपी तिवारी, केके तिवारी, महेश कुमार मिश्रा, रघुनाथ प्रसाद पराशर, अनुप नारायण गौतम, पीएल पटेल सहित अनेक पेंशनर्स उपस्थित थे।

## सफलता के लिए स्वस्थ शरीर और चिंतन की आवश्यकता: कुलपति



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर केंद्रीय विवि के सामान्य एवं व्यवहारिक भूगोल विभाग द्वारा ग्लैड प्रोग्राम के अंतर्गत विवि में अध्ययनरत छात्राओं के लिये उनके स्वास्थ्य पर केंद्रित एक विशेष कार्यक्रम आरोग्य ध्यानम् का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं के लिये उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं समस्या समाधान के बारे में सत्र आयोजन किये। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के कैरियर संबंधी क्षमताओं एवं कमजोरियों का विश्लेषण, तनाव प्रबंधन, जीवन सफलता हेतु आत्मबल वृद्धि तथा मानसिक शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मानसिक शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी प्रमुख विषयों पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम के लिये कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कार्यक्रम की सफलता के लिये शुभकामनायें प्रेषित की और कहा कि समाज की इस आधी आबादी को जागरूक करना, उसका मार्गदर्शन और आत्मबल बढाना, स्वस्थ, संतुलित और संयमित समाज की ओर अग्रसर होने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्राओं के पढ़ाई के साथ-साथ अपने कैरियर को सर्वोच्च शिखर तक ले जाने की ना केवल योजना बनानी है, बल्कि इसके साधनापूर्वक प्रयास भी करने हैं। यदि लक्ष्य तय है तों जीवन में कोई बाधा आपको नहीं रोक सकेगी। कार्यक्रम के चेयरपर्सन प्रो. विनोद भारद्वाज ने कहा कि यह कार्यक्रम फिलहाल विवि में नियमित अध्ययनरत छात्राओं के लिये है, पर इसकी मांग को देखते हुये इसे शीघ्र ही बाहरी छात्राओं के मार्गदर्शन व संबलन के लिये भी खोला जायेगा। विशेषतः कैरियर, स्वास्थ्य, मानसिक तनाव एवं जीवन सफलता मंत्र के लिए इसमें ऑनलाइन सत्र भी होंगे जिसमें बाहरी छात्रायें व महिला शिक्षक भी जुड़ सकेंगी। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन ने टेली मानस योजना के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य के लिये सरकार द्वारा दी जा रही सेवाओं की जानकारी दी। डॉ. किरण माहेश्वरी ने छात्राओं के जीवन में मानसिक शांति और संतुलन बनाये रखने हेतु 5 प्रमुख जीवन सिद्धांत साझा किये। कभी तुलना मत करो, कभी आलोचना मत करो, कभी शिकायत मत करो, कभी प्रतिस्पर्धा मत करो और कभी अपेक्षा मत करो। इन सिद्धांतों को अपनाकर व्यक्ति न केवल मानसिक रूप से सशक्त बनता है, बल्कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भी बनी रहती है। ग्लैड को.ऑर्डिनेटर डॉ. शिवानी मीणा एवं डॉ. दीपिका वशिष्ठ ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई और विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर संवाद किया। मंच का संचालन डॉ. दीपिका वशिष्ठ द्वारा किया गया।

## मोहन अग्रवाल राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष नियुक्त



**सागर, देशबन्धु।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र सिंह ने प्रदेशाध्यक्ष की अनुशंसा पर मोहन अग्रवाल को मप्र राज्य कर्मचारी संघ का सागर संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया। उनके साथ ही संभागीय ईकाई में सागर से हेमलता सेंगर एवं स्वल्पना नायक को उपाध्यक्ष बनाया है। मोहन अग्रवाल के संभागीय अध्यक्ष बनने पर राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री राकेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष अवधेश उपाध्याय, सचिव राजकुमार कपूर, मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष जगदीश जारोलिया, मंत्री दीपक मिश्रा, राजशेखर सेन, अशोक तिवारी आदि ने बधाई दी। मोहन अग्रवाल ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुये संभाग के सभी जिलों से समन्वय स्थापित कर कर्मचारी हित में कार्य करने की बात कही है।

## सार समाचार

### मंदिर में हनुमानजी की पुर्नस्थापना का अनुष्ठान

**छतरपुर, देशबन्धु।** चेतगिरी हनुमान मंदिर लोक न्यास ट्रस्ट द्वारा हनुमानजी बब्बाजू सरकार की पुर्नस्थापना महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए जलाधिवास कार्यक्रम आयोजित किया गया और इस दौरान कलश यात्रा निकाली गई। 8 मई को महाभिषेक स्नान और 9 मई को मिथुन लग्नहस्त नक्षत्र में पुर्नस्थापना प्रतिष्ठा पूर्णाहुति एवं भण्डारे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह चंदेल और सह सचिव अमित गुप्ता (राज) ने अधिक से अधिक लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### ग्राम पड़रिया और कदवां में होंगे 159 लाख के विकास कार्य

**छतरपुर, देशबन्धु।** विधायक ललिता यादव ने ग्राम पड़रिया और कदवां में 159 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यो के लिए भूमिपूजन और लोकार्पण किया है। विधायक ने ग्राम पड़रिया में एक करोड़ 23 लाख की लागत से बनने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भवन निर्माण के लिए भूमि-पूजन किया है। साथ ही 6 लाख की लागत से बनकर तैयार पुलिया का लोकार्पण किया है। इसी तरह ग्राम कदवां में बंसल समाज के लिए 5 लाख से बनने वाले समाज भवन के लिए भूमि-पूजन और के साथ ही 3 लाख की लागत से अहिरवार समाज के समाज भवन के लिए ब्राउण्ड्रीबाल, राईपुरा में शारदा माता मंदिर में 5.62 लाख की से बनने वाली ब्राउण्ड्रीबाल और 10 लाख 38 हजार की लागत से राईपुरा में सीसी रोड के लिए भूमि-पूजन किया गया है। विधायक श्रीमति यादव ने गांव के बच्चों से की समस्याओं की जानकारी ली और उन्हें बेहतर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामवासियों से कहा कि अपने बच्चें को बेहतर शिक्षा दिलाएं, जिससे उनका भविष्य संवर जाए।

### 2 वाहनों की टक्कर में एक मृत, दो लोग घायल

**छतरपुर, देशबन्धु।** राजनगर क्षेत्र में रनेह फॉल रोड पर भवानीपुरा गाँव के पास बीती रात 11.30 बजे एक मोटरसाइकिल और पिकअप लोडर वाहन की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई है। जबकि घायल दो युवको का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक पन्ना जिले के ग्राम बनहारी का कंदी पुत्र सरजू आदिवासी 25 वर्ष अपने साथी भोला आदिवासी 25 वर्ष और संतु पुत्र पूरन आदिवासी 12 वर्ष के साथ, बीती रात मोटरसाइकिल से करिया बीजो गाँव से धुन्चू गाँव जा रहा था। तभी रनेह फॉल रोड पर भवानीपुरा गाँव के पास उनकी मोटरसाइकिल की पिकअप लोडर वाहन ने टक्कर मार दी थी। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खजुराहो अस्पताल ले जाया गया, वहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल पन्ना रेफर कर दिया गया। मृतक कंदी का पोस्टमॉर्टम गुरुवार को जिला अस्पताल छतरपुर में किया गया है।

### पीएम आवास योजना के आवेदनों का सत्यापन शुरू



**हरपालपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत आवासहीन लोगों को राहत देने के लिए हरपालपुर में भौतिक सत्यापन का कार्य शुरू हो गया है। गुरुवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर नौगांव तहसीलदार रंजना यादव के नेतृत्व में राजस्व और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने वार्डों में घर-घर जाकर पीएम आवास योजना के आवेदनों की जांच शुरू कर दी है। अमले ने हरपालपुर के वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक प्राप्त 285 आवेदन पत्रों की मौके पर जाकर जांच-पड़ताल की। तहसीलदार रंजना यादव के साथ गठित दल में राजस्व निरीक्षक द्वारका प्रसाद गुप्ता, आशीष पांडेय, पटवारी प्रदीप पाठक, वार्ड प्रभारी संतोष निरंजन और देवेंद्र पटेरिया शामिल रहे। इस दल ने आवेदकों की पात्रता के मापदंडों की जांच की। सीएमओ महादेव अवस्थी ने बताया सत्यापन का कार्य एक सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद दावा-आपत्ति की प्रक्रिया शुरू होगी। संभावना है कि अगले छह माह में पात्र हितग्राहियों को आवास का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

### गहराने लगा जलसंकट, प्रशासन नहीं दे रहा समस्या पर ध्यान

# नदी-तालाब सूखे और हैंडपंपों ने तोड़ा दम, दूर से पानी ढोकर लाने को मजबूर





**छतरपुर, महाराजपुर, देशबन्धु।** गर्मियां शुरु होने के साथ जलसंकट गहराने लगा है। नदी-तालाब सूख जाने से भूजल स्तर में 15 से 20 फिट की गिरावट आ गई है। हैंडपंपों ने दमतोड़ दिया है, लोगों के लिए कंठ तर कर पाना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे में ग्रामीणों को दूर खेतों में बने कुओं या बोरों से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। इस समस्या की ओर प्रशासन जरा भी ध्यान नहीं दे रहा है।

महाराजपुर तहसील के अंतर्गत अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में ही नदी-तालाब सूख गए हैं। जिससे भूजल स्तर में 15 से 20 फिट तक गिरावट आ जाने से हैंडपंपों ने पानी देना बंद कर दिया है। बता दें कि ग्राम बैदार, टटम, ढिगपुरा, नैगुंवां, उर्दमऊ में हैंडपम्प का जलस्तर 100 फिट से अधिक नीचे गिर गया है।

ऐसे हालातों में लोगों को निस्तार के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। दूरदराज खेतों में बने कुओं और बोरों से ढोकर जो पानी लाया जाता है, उससे लोग केवल अपना कंठ ही तर कर पाते हैं। ढिगपुरा गांव के रामबाबू पाठक, रामकुमार पाठक और गोवर्धन चौबे ने बताया गांव के कुओं में पानी सूख गया है। 8 सार्वजनिक हैंडपंपों में से केवल 3 ही पानी दे रहे हैं, 5 पूरी तरह से सूख गए हैं। ग्राम टटम के संतोष दुबे, राजकुमार अरजरिया और मातादीन रैकवार ने बताया गांव में लगे हैंडपंपों में से कुछ ही पानी दे रहे हैं, बाकी ड्राई हो गए हैं। नलजल योजना का पानी केवल नाम के लिए आता है, जो पूरे गांव में पहुंचता ही नहीं है। ग्रामीण खेतों के बोर से पानी ढोकर काम चला रहे हैं। ग्राम उर्दमऊ के अमित शिवहरे के अनुसार गांव का तालाब और कुए पहले ही सूख गए थे। इस समय गांव में लगे 10 हैंडपंपों में से केवल 5 पंपों से रुक-रुककर पानी निकल रहा है, बाकी 5 हैंडपंप किसी काम के नहीं रहे। ग्राम नेगुंवा लक्की रिछारिया और नरेश पाठक ने बताया गांव के सभी जलस्त्रोत जवाब दे गए हैं। अब किसी तरह लोगों ने खेतों के बोर से गांव तक पाईप लाइन डालकर जलापूर्ति की जुगाड़ की है, मगर लो-वोल्टेज के कारण पंप नहीं चल पाता जिससे पानी मिलना मुश्किल रहता है।

### हैंडपंपों पर दबंगों ने किया कब्जा

महाराजपुर क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में पानी के लिए जंग होने लगी है। जिसमें दम है उसने हैंडपंपों पर ही कब्जा कर लिया है, बाकी ग्रामीण दूर से पानी ढो रहे हैं। ग्राम ढिगपुरा में झिकमऊ रोड पर लगे हैंडपंप पर वहां का दबंग कब्जा जमाकर बैठा है, वह हैंडपंप के बोर में मोटर डालकर पानी निकाल रहा है। बाकी सब तमाशबीन बने हैं। ग्राम पंचायत बरोंही में पंचायत के सामने लगे हैंडपंप को वहां के असरदारने बाउंड्रीवाल बना कर अंदर कर लिया है। जिससे अब हरिजन बस्ती के लोगों को एक बूंद पानी नहीं मिल पाता है। ढिगपुरा गांव के हैंडपम्प में 100 फुट पाईप लाइन डली होने के बावजूद पानी नहीं निकल रहा है। बताया गया है पंचायत मटोंधाबेसन के ग्राम दीवान जु का पुरवा में पुराने प्राथमिक स्कूल के पास और बीच गांव में लगे दो हैंडपंप किसी काम के नहीं रहे। मनकारी गांव के बलदेव पटेल ने बताया गांव में स्कूल में लगा हैंडपंप रुक-रुककर गंदा पानी दे रहा है। ग्राम मझगुवां में दो हैंडपम्प केवल नाम के लिए मटमैला पानी दे रहे हैं।

## 2 सड़क हादसों में बालिका की मौत, 12 लोग घायल



**छतरपुर, बमीठा, देशबन्धु।** झांसी-खजुराहो फोरलेन हाइवे पर दो सड़क हादसों में एक बालिका की दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं 12 लोग बुरी तरह से घायल हुए हैं। घायलों को इलाज चल रहा है।

बमीठा थाना के अंतर्गत फोरलेन हाइवे पर घूरा पहाड़ी के पास ट्रक क्रमांक एनएल 01 एजी 4510 ने आगे जा रही मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 16 एनवी 5883 को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोटर साइकिल पर सवार तीन लोग सड़क पर गिर गए, इसी दौरान ट्रक गीता रैकवार को रौंदते हुए निकल गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे में नेहा रैकवार और अनंत रैकवार गंभीर रुप से घायल हो गए। ये तीनों लोग ग्राम छापर से राजापुरवा में अपने रिश्तेदार के यहां जाते समय हादसे के शिकार हो गए। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एनएचआई की टीम की मदद से घायलों छतरपुर के जिला अस्पताल पहुंचाया। वही बालिका के शव को पीएम के लिए राजनगर भेजा गया है।

### पिकअप लोडर वाहन पलटने से 10 लोग घायल

छतरपुर जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र के गहरवार गांव के पास एक तेज रफ्तार पिकअप लोडर वाहन ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर पलट जाने से 10 लोग घायल हो गए हैं। ये सभी उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के महरोली गांव से बागेश्वर धाम गए थे। वहां से लौटते समय वे दुर्घटना के शिकार हो गए। घायलों में दिनेश कुमार पुत्र हल्के जोशी 45 वर्ष, प्रधुम्न पुत्र दिनेश जोशी 23 वर्ष, भवानी पत्नी सुदामा जोशी 60 वर्ष, इशिका पुत्री रोहित जोशी 10 वर्ष, श्रीराम पुत्र दिनेश जोशी 26 वर्ष, कार्तिक पुत्र पुष्पेंद्र जोशी 6 माह, छोटू पुत्र सुनील जोशी 8 वर्ष, राधा पत्नी ओमप्रकाश जोशी 29 वर्ष, प्रियंका पत्नी सुनील जोशी 30 वर्ष और रानी पत्नी ओमप्रकाश जोशी 49 वर्ष हैं।

## एसपी ऑफिस में धरने पर बैठी शोषण की शिकार युवती



**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार को शोषण की शिकार एक युवती ने आरोपी की गिरफ्तारी न होने से नाराज होकर एसपी ऑफिस के बाहर धरना शुरू कर दिया। दरअसल पीड़िता ने करीब डेढ़ माह पहले सिटी कोतवाली में अपने साथ दुराचार की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी न होने से वह नाराज थी।

पीड़िता ने बताया पठापुर रोड निवासी मनू अरजरिया ने से उसकी पहचान इंस्टाग्राम से हुई थी। मनु ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए, बाद में शादी से मुकर गया। पीड़िता ने बताया वह छह बार एसपी ऑफिस में आवेदन दे चुकी है। गुरुवार को सातवीं बार एसपी ऑफिस पहुंची और दोपहर साढ़े 12 बजे धरने पर बैठ गई। एक महिला पुलिसकर्मी ने पीड़िता से बात करने की कोशिश की, लेकिन उसने कहा, जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होगा, मैं यहां से नहीं हटूंगी। कुछ समय बाद एएसपी विदिता डागर पीड़िता से बिना बात किए सामने से गुजर गईं। एएसपी की बेरुखी को जब सोशल मीडिया में वायरल किया गया। उसके बाद एएसपी विदिता डागर वापिस एसपी ऑफिस पहुंचकर पीड़िता के सामने जमीन पर बैठकर उससे बात की और 12 घंटे में आरोपी को पकड़ने का आश्वासन दिया। उसके बाद पीड़िता मां गई और धरने से उठ गई। पुलिस ने आरोपी मनु अरजरिया पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर उसकी तलाश तेजी से शुरु कर दी है।

### नेशनल लोक अदालत कल, 28 खंडपीठों में होगी सुनवाई

**छतरपुर, देशबन्धु।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्दर सिंह ने बताया 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें 28 खंडपीठों में प्रकरणों की सुनवाई करके राजीनामा से उनका निराकरण किया जाएगा।

बताया गया है जिला न्यायालय छतरपुर और तहसील न्यायालय नौगांव, बिजावर, लवकुशनगर, राजनगर और बड़ामलहरा सहित कुल 28 खंडपीठों का गठन किया गया है। जिसमें जिला न्यायालय छतरपुर में 10 और तहसील स्तर पर 18 खण्डपीठों में आपसी सुलह व समझौतों के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत में राजीनामा योग्य सिविल, क्रिमिनल, विद्युत, नगर पालिका, बैंक, वित्तीय बैंक, ऋण संबंधी एवं दूरसंचार विभाग के प्रीलिटिगेशन और न्यायालय में लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सिंह ने लोगों से आग्रह किया है कि वे 10 मई को नेशनल लोक अदालत में आकर लंबित विचाराधीन समस्त राजीनामा योग्य प्रकरण का निराकरण कराके लाभ उठाएं।

## प्राचार्य छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों का 15 दिन में करें निराकरण : कलेक्टर



**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने अनुसूचित जाति, जनजाति छात्रवृत्ति और आवास सहायता सहित स्कूल शिक्षा की समेकित छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा करके सभी प्राचार्यों को निर्देश दिए कि वे छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों का 15 दिन में निराकरण करें।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने शासकीय कन्या पीजी कॉलेज छतरपुर में अप्रूवल के लिए आवेदन अधिक लंबित होने पर नाराजगी जताकर प्राचार्य को नोटिस देने और श्री कृष्णा यूनिवर्सिटी के स्कॉलरशिप नोडल को भी अधिक आवेदन लंबित होने पर कार्यवही के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रवृत्ति के आवेदन अप्रूव न करने पर आईटीआई प्राचार्य को नोटिस थमाया, डाईट कॉलेज प्राचार्य नौगांव की एक वेतन वृद्धि रोकने और नोटिस देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा जिन एससी-एसटी के बच्चों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं किया है, उनसे शीघ्र आवेदन कराएं। छात्रवृत्ति में डिफॉल्ट करने वाले कॉलेजों पर भी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इसी तरह कलेक्टर श्री जैसवाल ने महाराजा छत्रसाल बुन्देलखंड यूनिवर्सिटी छतरपुर में भी लंबित आवेदनों को अप्रूव न करने पर नाराजगी जताते हुए कहा एससी-एसटी छात्रों को आवास सहायता उपलब्ध कराने के लिए कॉलेजों में कैंप लगाकर दस्तावेज जमा कराएं। बैठक में जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग डॉ प्रियंका राय, प्रभारी डीईओ आरपी प्रजापति, सभी बीईओ, शासकीय एवं निजी स्कूल व कॉलेज के प्राचार्य और स्कॉलरशिप नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

### लापरवाह प्राचार्यों पर की कड़ी कार्यवाही

*कलेक्टर ने प्रोफाईल अपडेशन में लापरवाही पर राजनगर बीईओ और संकुल प्राचार्य की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने, छतरपुर के हटवारा स्कूल सहित सटई और नौगांव स्कूलों के संकुल प्राचार्यों को नोटिस देने, घूरा और चंद्रनगर संकुल प्राचार्य सहित नौगांव बीईओ की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश हैं। सटई और नौगांव संकुल प्राचार्य को बैठक में अनुपस्थित रहने पर नोटिस दिया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रोफाइल अपडेशन के बाद जल्द से जल्द सैंक्शन के लिए शेष आवेदनों को 7 दिन में निपटाएं। कलेक्टर ने डीईओ एवं सभी बीईओ को सेवानिवृत शिक्षकों के अर्जित अवकाश के नगदीकरण का भुगतान 7 दिन में करने के लिए सैंक्शनकर्ता संकुल प्राचार्य को निर्देश दिए। साथ ही संकुल प्राचार्य के पास प्रकरण अधिक लंबित होने पर नाराजगी जताते हुए उन्हें चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक ईएल का भुगतान नहीं हो जाता, संबंधित की वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा।*

## छात्रों को यह बताया जाए कि आखिर उन्हें जीवन में करना क्या है : असाटी



**छतरपुर, देशबन्धु।** महर्षि विद्या मंदिर में चेतना विकास पर आधारित 9 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए आनंद विभाग के जिला संपर्क व्यक्ति लखनलाल असाटी ने कहा छात्रों को यह बताया जाए कि आखिर उन्हें जीवन में करना क्या है? कैसे करेंगे, यह तो वह आपके न बताने पर भी कर लेंगे।

श्री असाटी ने कहा प्रशिक्षण और शिक्षण में अंतर बताते हुए कहा सर्कस में रिंग मास्टर हड्डी और हंटर दिखाकर हिंसक पशुओं से भी मनचाहा करतब करा लेता है, यह एक तरह का कौशल प्रशिक्षण है परंतु छात्र के समग्र विकास के लिए मूल्य आधारित शिक्षण की आवश्यकता है। शिक्षक को भय और प्रलोभन की जगह सही समझ और सही भाव से छात्रों का समग्र विकास करना होगा। उन्होंने कहा मानव की मूल चाहना और उसकी पूर्ति के लिए समग्र विकास में शिक्षा की भूमिका को देखना होगा।

मूल चाहना को देखेंगे, तो प्रत्येक मानव निरंतर समृद्धि के साथ सुखपूर्वक जीना चाहता है। समझदार होने का मतलब जिम्मेदार होना है, अन्यथा मानव सूचना सम्पन्न होकर ही रह जाएगा। जो व्यक्ति जैसा जीता है, यह उसका संस्कार है और जब अनेक लोगों के संस्कार को जोड़कर देखते हैं तो वह संस्कृति कहलाती है।

श्री असाटी ने समझ, संबंध और साधन पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए जानना चाहा कि अभी परिवार में संवाद का विषय साधनों की उपलब्धता है अथवा संबंधों का निर्वाह है। संबंध न होने पर जमीन के एक टुकड़े के लिए भी भाईयों के बीच विवाद हो सकता है, पर संबंध ठीक रहने पर जमीन का हिस्सा महत्वपूर्ण नहीं रह जाता है।

इसके पूर्व विद्यालय के प्राचार्य सीके शर्मा ने प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पहले 6 दिन चेतना विकास पर काम किया जा रहा है, उसके बाद तीन दिन एकेडिमक शिक्षण पर संवाद होगा। इस प्रशिक्षण में कई जिलों के 75 शिक्षक शामिल होंगे।

### डेढ़ वर्ष पूर्व हुई चोरी का खुलासा, 4 आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में करीब डेढ़ वर्ष पूर्व हुई चोरी का गुरुवार को पुलिस ने खुलासा किया है। आरोपियों के कब्जे से नगदी और एक कार बरामद की गई है। चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश करके, जेल भेज दिया गया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया ललौनी तिराहा स्थित कमल आडवाणी के घर 16 जनवरी 2024 को करीब 40 हजार रुपये की नगदी चोरी हुई थी। उन्होंने बताया इस वारदात को अंजाम देने वाले बंटे उर्फ रोहित रैकवार और गौरव अनुरागी, दोनों निवासी न्यू कॉलोनी नौगांव, रामनेत पटैरिया निवासी ग्राम नदनपुर नौगांव और बाबूलाल अहिरवार निवासी ग्राम बड़ागांव मऊरानीपुर उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से 38 हजार रुपए नगद और चोरी की घटना में इस्तेमाल स्विफ्ट कार को जप्त कर लिया गया है।

## मझौरा पंचायत में फर्जी बिलों से लाखों का घोटाला, 39 पंचायतें जांच के घेरे में

***बकस्वाहा, देशबन्धु।*** *जनपद पंचायत बकस्वाहा की मझौरा पंचायत में फर्जी बिलों के ज़रिए लाखों का घोटाला सामने आया है। दरअसल निर्माण कार्यों के नाम पर फर्जी बिल लगाकर राशि का भुगतान किया गया, जबकि ज़मीनी स्तर पर काम अधूरे या कहीं-कहीं शुरू ही नहीं हुए।*

*सूत्रों के अनुसार, ग्राम पंचायत मझौरा में सरपंच नन्हे यादव, सचिव भगवानदास यादव और रोजगार सहायक संतोष यादव पर आरोप है कि इन्होंने बिना जीएसटी नंबर और रजिस्टर्ड फर्म के फर्जी बिल तैयार कर बाउंड्रीवॉल, चबूतरा निर्माण, ई-कक्ष निर्माण जैसे कार्यों में करोड़ों रुपये की हेराफेरी की। यहां तक कि मोबाइल रिचार्ज जैसे निजी खर्चों के भी फर्जी बिल बनवाकर भुगतान कराया गया। मजेदार बात यह है कि जिन दुकानों के बिल पेश किए गए, ज़मीनी जांच में वे दुकानें अस्तित्व में ही नहीं मिलीं। फिर भी पंचायत के डिजिटल प्लेटफार्म पंचायत दर्पण पर यह फर्जीवाड़ा दर्ज किया गया, जिसे अधिकारियों ने अनदेखा किया।*

### अधिकारियों की मिलीभगत उजागर

यह घोटाला केवल पंचायत स्तर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जनपद पंचायत कार्यालय में बैठे कुछ इंजीनियर और भ्रष्ट अधिकारी भी इस बंदरबांट में शामिल रहे। जानकारों के अनुसार बकस्वाहा क्षेत्र में कोई रजिस्टर्ड रेत खदान नहीं है, फिर भी पंचायतों में रेत की आपूर्ति के बिल लगाए जा रहे हैं। अगर रेत बाहर से लाई गई, तो संबंधित दुकानदारों के पास ई-रॉयल्टी, ट्रांसपोर्ट दस्तावेज और टैक्स रिकॉर्ड होना चाहिए, जो कि नहीं है।

### 39 पंचायतों में चल रहा है यही खेल

मिली जानकारी के अनुसार यह घोटाला केवल मझौरा तक सीमित नहीं, बल्कि बकस्वाहा विकासखंड की करीब 39 पंचायतों में इसी प्रकार का फर्जी बिल घोटाला चल रहा है। आरोप है कि कई सरपंचों ने खुद की फर्म बनवा ली है और उन्हीं के फर्जी बिल लगाकर सरकारी राशि का दुरुपयोग कर रहे हैं।

### इनका कहना है

इस बारे में आपसे हमें जानकारी मिली है। इस मामले की जांच कराएंगे और दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**रजनी यादव**
जनपद अध्यक्ष, बक्सवाहा

फर्जी बिल लगाकर अगर शासन की राशि निकाली गई है तो जांच कर कार्यवाही होगी।

**अंजना नागर**
सीईओ, जपं बक्स्वाहा

देशबन्धु

सागर, शुक्रवार 9 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## युद्ध जैसे हालात में सरकार से अपेक्षा

मंगलवार की आधी रात को पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर स्थित जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तान की तरफ से भयंकर गोली बारी शुरु की गई, जिसमें कम से कम 16 लोगों के मारे जाने की खबर है, साथ ही लांस नायक दिनेश कुमार शहीद भी हुए हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक पाकिस्तान ने इसके अलावा भारत के अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। हालांकि पाकिस्तान के इन हमलों को एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड और एयर डिफेंस सिस्टम ने बेअसर कर दिया। भारत के रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया कि पाकिस्तानी ड्रोनों के मलबे अब कई स्थानों से बरामद किए जा रहे हैं जो इस बात को साबित करते हैं कि पाकिस्तान ने हमला किया था।

जाहिर है हमारी सेना और मजबूत रक्षा तंत्र ने इस तरह देश की रखवाली की कि व्यापक तौर पर नागरिकों को पाकिस्तान की तरफ से हुए हमलों का पता ही नहीं चला। इस साहसिक कृत्य के लिए सेना की जितनी सराहना की जाए, कम है। इस समय सारा देश यही कर भी रहा है। गुरुवार को जब सरकार ने सभी दलों की बैठक फिर से बुलाई, तब भी तमाम दलों ने एकजुटता का भरोसा सरकार को दिलाया।

युद्ध के मुहाने पर खड़े इस कठिन दौर से गुजरते हुए भारत का हर विपक्षी दल और नागरिक अपने परस्पर विरोधों को भुलाकर सरकार और सेना के साथ खड़ा है लेकिन यह बेहद दुखद और आश्चर्यजनक बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो देश का नेतृत्व करते हैं, इस विषय पर गुरुवार को दिल्ली में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में पुन: अनुपस्थित रहे। 'पुन:' शब्द का इस्तेमाल इसलिये किया जा रहा है क्योंकि पहलगाम हमले के बाद 24 अप्रैल को बुलाई गई ऐसी ही बैठक में मोदी नहीं आये थे। हालांकि उन्होंने आतंकवादियों को धरती के आखिरी छोर से भी पकड़ लाने का वादा देश से किया था। सेना ने संयुक्त ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर पाकिस्तान व पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में दहशतगर्दों द्वारा चलाये जा रहे आतंकी कैंपों को उड़ा दिया। लेकिन इस दौरान सरकार को कम से कम सीमावर्ती इलाकों से नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर ले जाने का इंतजाम कर लेना चाहिए था। अगर ऐसा होता तो शायद पुंछ में जो नुकसान हुआ, वह न होता। पुंछ इलाके में मारे गये नागरिक ज्यादातर किसान हैं। एक तरह से देखें तो ये सर्जिकल स्ट्राइक हो या सीमा के आर-पार की बम वर्षा के कारण लगभग युद्ध की स्थिति है।

ऐसे में सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री का न आना यह बतलाता है कि वे लोगों से मिल रहे जनसमर्थन के कारण विपक्ष ही नहीं, नागरिकों व यहां तक कि संसद को भी काफी हल्के में ले रहे हैं। याद हो कि 22 अप्रैल को हुए बैसरन कांड के वक्त मोदी सऊदी अरब के दौरे पर थे जिसे छोड़कर वे भारत लौटे थे। इससे यह महसूस किया गया था कि वे स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए लौटे हैं। इसके विपरीत उन्होंने न तो राष्ट्र के नाम संदेश दिया और न ही कोई ऐसा बड़ा कदम उठाया जिससे महसूस हो कि वे किसी बड़े फैसले को लेने या उसे क्रियान्वित करने के लिये उद्धत हैं। वे बिहार चले गये जहां उन्होंने वहां के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ एक रैली की। यहां इस साल के अंत तक विधानसभा के चुनाव होने हैं। मंच पर उनकी और नीतीश बाबू के बीच होती हंसी-ठिठौली की तस्वीरें व वीडियो लोगों को चकित करते रहे। उन्होंने सर्वदलीय बैठक में हिस्सा नहीं लिया और न ही सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाया जिसकी सम्पूर्ण विपक्ष मांग कर रहा था। जनता को भी इसकी अपेक्षा थी।

मोदी वही कहानी दोहराते नज़र आ रहे हैं- न तो सर्वदलीय बैठक में जाना, न राष्ट्र के नाम संदेश प्रसारित करना और न ही संसद का विशेष अधिवेशन बुलाने की पेशकश को सुनना। गुरुवार की बैठक में शामिल लगभग सभी दलों ने एक बार फिर से इस बात की घोषणा की कि वे पूरी तरह से सरकार के साथ हैं और वह जो भी कदम उठाये, वे उसका समर्थन करते हैं। सेना से जुड़ी गोपनीय बातों का जिक्र नहीं करना है, इसलिए बैठक से बाहर आकर किसी नेता ने कोई ऐसा बयान नहीं दिया, जिससे असुविधा हो। अलबत्ता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नहीं आए, हालांकि हम अभी इस बात के लिए उनकी आलोचना नहीं करेंगे, क्योंकि यह वक्त आलोचना का नहीं है। वहीं राहुल गांधी ने जरूर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग उठाई, ताकि दुनिया के सामने अच्छा संदेश जाए। पहले भी विपक्ष इस आशय की मांग कर चुका है। बैसरन घाटी की घटना के बाद जब राहुल पहलगाम गये थे, उन्होंने साफ किया था कि वे किसी तरह की खामी या चूक की बात इस समय नहीं करेंगे। वे बाद में कई प्रभावित परिवारों से भी मिले थे, तब भी उन्होंने किसी भी प्रकार से सरकार की आलोचना नहीं की थी। ऐसे में जब विपक्ष बेहद जिम्मेदारी व संजीदगी के साथ सरकार को साथ दे रहा है, तब मोदी द्वारा सर्वदलीय बैठक में, वह भी दूसरी बार न आना दुखद ही कहा जायेगा। बेशक, बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्थिति की जानकारी दी। गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू भी इसमें मौजूद थे।

अलबत्ता महाराष्ट्र में कुछ भारतीय जनता पार्टी नेता के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के पोस्टर भी लगने शुरू हो गये हैं जो बतलाता है कि किस प्रकार से भाजपा इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ लेने के लिए आमादा है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को चाहिये कि वे अपने नेताओं व कार्यकर्ताओं को इससे बाज आने के लिये कहे वरना माना जायेगा कि सरकार इस सारी कवायद का सियासी फायदा लेने की फिराक में है। यह शर्मनाक भी है कि सेना की सफलता का श्रेय पार्टी ले- चाहे वह सत्तारुढ़ ही क्यों न हो। ऐसे में जब समझिये कि लड़ाई लगभग छिड़ ही गयी है, सभी को अपने तमाम मतभेद व क्षुद्र हितों को छोड़कर एक-दूसरे के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ा होना होगा।

# हिंद की सेना का जवाब कि, 'हां तुम एक विफल राष्ट्र हो!'

पाकिस्तान एक विफल राष्ट्र है क्योंकि इसका जन्म ही नफ़रत की बुनियाद पर हुआ है। अंग्रेजों से आज़ाद होते ही भारत का बंटवारा हुआ और मानवता ने जिस वीभत्स मंज़र को देखा, उसकी मिसाल कम मिलती हैं। कई कलाकार, लेखक और पॉलिटिशियन मज़हब के आधार पर बंटे पाकिस्तान में चले तो गए लेकिन उम्र भर सिर्फ हिंदुस्तान को ही याद करते रहे, अपने दोस्तों से मिलने के लिए तड़पते रहे जैसे उन्हें यह अहसास हो गया था कि ग़लती हो चुकी है और समय का पहिया अब पीछे नहीं खींचा जा सकता। जो लिख सकते थे, उनके शब्दों में यह दर्द बयां हुआ और बाक़ी अपने दिलों में इस टीस के साथ ज़िंदा रहे। मशहूर और बेहतरीन कहानीकार सआदत अली हसन 'मंटो' (दो दिन बाद उनकी सालगिरह है) उन्हीं में से एक थे। उन्होंने विभाजन के समय हुए दंगों की त्रासदी को भीतर तक उतारा और फिर पन्नों पर। 'टोबा टेकसिंह' और 'खोल दो' उनकी ऐसी ही महान रचनाएं हैं। मंटो दोस्तों को अक्सर लिखा करते थे कि, च्यार मुझे वापस बुला लो !ज्उन्होंने खुदकुशी की कोशिश भी की थी। वे बहुत कम (43 साल) जी पाए। जैसे चिंता और जीवन का कोई गहरा रिश्ता हो। यूं तो मंटो के बारे में कहने को इतना कुछ है कि मंटो पढ़ाई-लिखाई में कुछ ख़ास नहीं थे, कि मंटो कॉलेज में उर्दू में ही फ़ेल हो गए थे, कि शायर फैज़ अहमद फ़ैज़ मंटो से केवल एक साल बड़े थे, कि उन्हें भी चेखोव की तरह टीबी था, कि वे बेहद निडर थे, कि उनकी कई कहानियों पर अश्लीलता के मुक़दमे चले और उनकी कहानियां तो बस इंसान को चीर के ही रख देती हैं। विभाजन से पहले के बॉम्बे में उनके किस्से-कहानियां फिल्म इंडस्ट्री की जान हुआ करते थे। बेशक मंटो का फिर पैदा होना मुश्किल है लेकिन अफ़सोस यह भी कि एक बेहतरीन कथाकार नफ़रत की भेंट चढ़ गया और असमय मौत की नींद सो गया।

ऐसे ही एक शायर रईस अमरोही थे जो जॉन एलिया के बड़े भाई थे। वे भी बंटवारे को बर्दाश्त नहीं कर पाए। उनका परिवार उत्तर प्रदेश के अमरोहा का था जो 1947 में पाकिस्तान चला गया। उनकी मेटाफिजिक्स, ध्यान और योग पर कई किताबें प्रकाशित हुईं। उनका भी दिल केवल भारत के लिए धड़कता रहा। वे लिखते हैं-

हिन्द की बहारों, तुम को सलाम पहुंचे
बिछड़े हुए नज़ारों, तुम को सलाम पहुंचे
भारत के चांद तारों, तुम को सलाम पहुंचे
बरसों के बाद यारों तुम को सलाम पहुंचे
ये नामा-ए -मोहब्बत यारों के नाम ले जा
ओ हिंद जाने वाले मेरा सलाम ले जा।

उनकी ऐसी कई नज़्मों का ज़िक्र और प्रकाशन विदेश सेवा के अधिकारी और सांसद रहे मणिशंकर अय्यर ने अपनी किताब 'पाकिस्तान पेपर्स' में किया है। रईस अमरोही की 1988 में एक कट्टरपंथी समूह ने उनकी लाइब्रेरी में ही हत्या कर दी। कट्टरपंथी केवल किसी धर्म के ख़िलाफ़ नहीं होते। वे हर उस व्यक्ति के ख़िलाफ़ होते हैं जो उदारता की बात करता है, तरक्क़ी की बात करता है, शांति की बात करता है। वे ख़ुद में एक ज़िंदा बम होते हैं। ऐसे बीमार जिन्हें ताज़ा हवा कभी छूकर भी नहीं गुज़री होती। शक और डर में जीने वाले हैवानों का कुनबा जो निर्दोषों का खून बहाना जानता है। वे ही 22 अप्रैल को पहलगाम आए थे और कई स्त्रियों के सिंदूर उजाड़ गए। खुद मोहम्मद अली जिन्ना, जिन्हें पाकिस्तान का जनक और क़ायदे आज़म बताया जाता है, वे भी अपनी ज़िन्दगी में ही अनुभूत कर चुके थे कि पाकिस्तान का बनाना उनकी ग़लती थी। वे पाकिस्तान बनने के बाद केवल एक साल ज़िंदा रहे। मज़हब के आधार पर एक देश बनाने वाले ने कहा था- 'पाकिस्तान कोई ईश्वर शासित राज्य नहीं होगा जहां पीर-पुज्जे किसी खास मक़सद से राज करेंगे। देश में कई गैर मुस्लिम भी हैं जिन्हें समान अधिकार होंगे और वे मिलकर पाकिस्तान की तरक्की में शामिल होंगे।' अफ़सोस ऐसा हो न सका क्योंकि बुनियाद ऐसी नहीं थी।



वर्षां भम्भाणी मिर्जा

> **पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर का द्वि-राष्ट्रवाद के सिद्धांत का उल्लेख भी यही बताता है कि कैसे एक विफ़ल राष्ट्र को जब-तब अपने किए-धरे को उचित बताने की नाकाम कोशिश करनी पड़ती है। इससे पहले मुनीर ने एक अन्य कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया था।**

पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर का द्वि-राष्ट्रवाद के सिद्धांत का उल्लेख भी यही बताता है कि कैसे एक विफ़ल राष्ट्र को जब-तब अपने किए-धरे को उचित बताने की नाकाम कोशिश करनी पड़ती है। इससे पहले मुनीर ने एक अन्य कार्यक्रम में कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया था। इस बार वे खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के काकुल इलाके में पाकिस्तान सैन्य अकादमी में कैडेट की 'पासिंग आउट परेड' को संबोधित कर रहे थे। मुनीर ने कहा- ''द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस बुनियादी मान्यता पर आधारित था कि मुसलमान और हिंदू दो अलग-अलग मुल्क हैं, एक नहीं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं- धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा और सोच में हिंदुओं से अलग हैं।'' तब सवाल यही है कि बांग्लादेश क्यों पाकिस्तान से अलग हुआ? पाक सेना के प्रमुख यहां बुरी तरह फेल हुए हैं और फ़ेल हुआ है उनका मज़हब के आधार पर दो राष्ट्र बनाने का सिद्धांत। अगर जो भारत के सियासी दल धर्म को सियासत में शामिल करते रहे तब पाकिस्तान ज़रूर बांग्लादेश से सांठगांठ कर बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है।

साफ़ है कि एक विफल राष्ट्र का सेनाध्यक्ष कैसे अपनी सोच को सही बताने के इरादे से कुतर्क का सहारा लेने लगता है, जबकि भारत का सच दुनिया के सामने है। इसकी वजह जिन्ना के समकालीन हमारे नेताओं की दृष्टि और सोच है। पाकिस्तान के मज़हबी आधार पर निर्माण के बावजूद उन्हें कोई दुविधा नहीं थी कि वे भविष्य में कैसा भारत बनाएंगे। उन्होंने विश्व का बेहतरीन संविधान गढ़ा। देश जहां हर वर्ग, धर्म के नागरिक समान और मौलिक अधिकारों के दायरे में होंगे। कोई भेदभाव नहीं होगा। आज भारत और पाकिस्तान दोनों कहां खड़े हैं? उसके पीछे 1947 की भीषण त्रासदी के बावजूद हमारे नेताओं की सर्वधर्म समभाव की सोच रही। इस सोच का परिचय भारतीय सेना ने बुधवार को तब भी दिया जब दो महिला अधिकारियों ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दुनिया से साझा की। उन्होंने भारतीय सेना और वायु सेना की संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग की। विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने विदेश सचिव मिस्री के साथ ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देते हुए मंगलवार रात एक बजे से डेढ़ बजे तक पाकिस्तान में निशाना बनाए गए ठिकानों के नाम और विवरण साझा किए। सिग्नल कोर की अधिकारी सोफिया कुरैशी ने हिंदी में बात की, जबकि विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने अंग्रेजी में बात कही। कर्नल सोफिया ने 2016 में बहुराष्ट्रीय क्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास में सेना के प्रशिक्षण दल का नेतृत्व भी किया था। उनके परिवार की पृष्ठभूमि सेना में सेवा देने की रही है। सोफिया कुरैशी के पिता ताज मोहम्मद कुरैशी ने कहा- 'हमें बहुत गर्व है। हमारी बेटी ने हमारे देश के लिए बहुत बड़ा काम किया है। पाकिस्तान को नष्ट कर देना चाहिए। मेरे दादा, मेरे पिता और मैं सभी सेना में थे। अब वह भी सेना में है।' ऑपरेशन सिंदूर के साथ यह काफ़ी है पाकिस्तान को भारत के अब तक के सफर और सोच को बताने के लिए।

उधर पाकिस्तान की सूचना मंत्री और पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खर ने कई विदेशी चैनलों को साक्षात्कार दिए लेकिन आतंकवादियों को पनाह देने के ख़िलाफ़ उनके पास कोई जवाब नहीं था क्योंकि पूरी दुनिया जानती है कि अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में घुसकर मारा था। भारत के ख़िलाफ़ आतंक का प्रयोग पाकिस्तान की सेना और शासन दोनों के लिए खाद-पानी का काम करता रहा। उनका लोकतंत्र हमेशा सेना की बैसाखियों पर सवार रहा। पहलगाम नरसंहार के बावजूद भारतीय सेना ने सुरक्षात्मक रवैया अपनाया है। कोई सैनिक और नागरिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया क्योंकि युद्ध खुद एक मसला होता है किसी मसले का हल नहीं।

**( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता 9 मई से स्विट्ज़रलैंड में होगी शुरू

**■ नित्य चक्रवर्ती**

अब यह आधिकारिक हो गया है। डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा चीन के लिए अमेरिकी टैरिफ दरों को कम करने, वार्ता के लिए अपने इरादे की घोषणा करने, और उसके बाद कुछ दिनों तक प्रतीक्षा करने के बाद, चीन ने बुधवार की सुबह पुष्टि की कि एक उच्च स्तरीय चीनी वार्ता दल 9 मई से चार दिनों के लिए स्विट्ज़रलैंड का दौरा करेगा, जहां वह ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट के नेतृत्व में अमेरिकी उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता करेगा। यह राष्ट्रपति ट्रम्प और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के दो कार्यालयों द्वारा पिछले कुछ दिनों में की गयी बैक चैनल चर्चाओं का परिणाम था।

अमेरिका और चीन के बीच चल रहे टैरिफ युद्ध में, राष्ट्रपति ट्रम्प ने पिछले महीने के अंत में सबसे पहले तब कदम उठाया जब उन्होंने कुछ चीनी वस्तुओं पर दरें कम कीं और कहा कि वह राष्ट्रपति शी से बात करेंगे और मामले को सुलझा लेंगे। इसके तुरंत बाद उन्होंने कहा कि उन्होंने चीनी राष्ट्रपति से बात की। उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर बात करने की आदत है। उन्होंने सीधे राष्ट्रपति शी से बात नहीं की, लेकिन उनके सलाहकार चीनी राष्ट्रपति के अधिकारियों के संपर्क में थे। इस तरह से ट्रंप ने शी के साथ अपनी बैठक के बारे में जो कहा, वह आधा सच था। दोनों राष्ट्रपतियों के अधिकारी बात कर रहे थे।

> **चीनी स्त्रोतों ने घोषणा के बाद कहा कि चीन की स्थिति सुसंगत है। चाहे टकराव हो या बातचीत, चीन का अपने विकास हितों की रक्षा करने का संकल्प कभी नहीं डगमगायेगा, न ही अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय तथा वैश्विक आर्थिक और व्यापार व्यवस्था को बनाये रखने में उसका रुख और उद्देश्य कभी डगमगायेगा।**

अब कुछ बुनियादी बातों पर चर्चा के बाद, दोनों प्रतिनिधिमंडल चार दिनों के लिए तीसरे देश स्विट्ज़रलैंड में बैठक करेंगे, ताकि विस्तार से चर्चा की जा सके। व्यापार वार्ता इस बार निर्णायक नहीं हो सकती है, लेकिन इससे आगे की बैठकें आयोजित करने की प्रक्रिया आसान हो जायेगी, ताकि ट्रंप और शी आखिरकार मिल सकें और समझौते पर हस्ताक्षर कर सकें। यह याद रखना होगा कि व्यापार वार्ता उस समग्र समझौते का केवल एक हिस्सा है, जिसे ट्रंप अपने वैश्विक आख्यान के हिस्से के रूप में शी जिनपिंग के साथ करने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें समय लगेगा और अगर जरूरत पड़ी तो इसे अलग-अलग हिस्सों में बांटा जायेगा, ताकि अन्य क्षेत्र प्रभावित न हों।

चीनी स्त्रोतों ने घोषणा के बाद कहा कि चीन की स्थिति सुसंगत है। चाहे टकराव हो या बातचीत, चीन का अपने विकास हितों की रक्षा करने का संकल्प कभी नहीं डगमगायेगा, न ही अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय तथा वैश्विक आर्थिक और व्यापार व्यवस्था को बनाये रखने में उसका रुख और उद्देश्य कभी डगमगायेगा। अगर हमें लड़ना होगा तो हम लड़ेंगे। अगर अमेरिका बात करना चाहता है तो हमारे दरवाजे खुले हैं। संवाद और बातचीत समानता, सम्मान और आपसी लाभ पर आधारित होनी चाहिए, प्रवक्ता ने आगे कहा।

सेंटर फॉर चाइना एंड ग्लोबलाइजेशन के वरिष्ठ फेलो ही वेइवेन ने बुधवार को ग्लोबल टाइम्स को बताया कि स्विट्ज़रलैंड में चीनी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच होने वाली आगामी बैठक एक सकारात्मक विकास को दर्शाती है। 'यह तथ्य कि दोनों पक्ष मिलेंगे, एक अच्छा संकेत है, लेकिन कुंजी अमेरिकी पक्ष में है,' ही वेइवेन ने कहा, इस बात पर जोर देते हुए कि कोई ठोस परिणाम निकलता है या नहीं, यह वाशिंगटन की अपनी अन्यायपूर्ण और अवैध टैरिफ नीति को सही करने की इच्छा पर निर्भर करेगा-चीन पर बिना किसी पूर्व शर्त के या किसी मांग के। उन्होंने कहा, 'केवल तभी सार्थक बातचीत हो सकती है जब अमेरिका अपनी गलतियों को बदल दे।'

वैश्विक व्यापार विशेषज्ञों ने उल्लेख किया है कि ट्रम्प जल्दी बातचीत में अधिक रुचि रखते थे क्योंकि उनके सलाहकारों ने उन्हें बताया था कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिका के कई व्यापार भागीदारों से बात कर रहे हैं और यदि ट्रम्प अभी भी चीन और अन्य देशों पर अपने मजबूत टैरिफ रुख पर कायम रहते हैं, तो शी जिनपिंग इस समय का उपयोग कुछ और देशों को अमेरिका के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रभावित करने के लिए करेंगे। अमेरिका के 180 देशों के साथ व्यापार भागीदारी है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण 50 से 75 देश हैं, जिनके साथ अमेरिकी राष्ट्रपति 90 दिन के विराम के भीतर व्यापार वार्ता शुरू करने की उम्मीद करते हैं, जो इस साल जुलाई के पहले सप्ताह में समाप्त हो रहा है।

केवल कुछ ही दिन पहले 4 मई को इटली के मिलन में आयोजित 28वीं आसियान प्लस थ्री वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक के दौरान, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया सहित आसियान सदस्यों ने जारी एक संयुक्त बयान में बढ़ती संरक्षणवाद और अस्थिर वैश्विक वित्तीय स्थितियों सहित बढ़ती अनिश्चितताओं को दूर करने के लिए क्षेत्रीय एकता और सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया था।

संयुक्त बयान, जिसमें अमेरिका का नाम नहीं लिया गया था, ऐसे समय में आया जब अमेरिका द्वारा लगाये गये नये टैरिफ दक्षिण पूर्व एशिया को बुरी तरह प्रभावित करने का खतरा पेश कर रहे हैं, निक्केई एशिया ने रिपोर्ट की। चीनी वित्त मंत्री लैनफोआन ने बैठक में भाग लिया और कुछ सत्रों की सह-अध्यक्षता की। लैन ने जोर देकर कहा कि- वैश्विक अर्थव्यवस्था गहन समायोजन से गुजर रही है, वैश्वीकरण के सामने चुनौतियां हंक और एकतरफावाद और संरक्षणवाद बढ़ रहा है। अस्थिरता और अनिश्चितताएं उल्लेखनीय रूप से बढ़ी हैं। 10+3 क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाएं मजबूत लचीलापन प्रदर्शित करती हैं और उनमें महत्वपूर्ण विकास क्षमता है, लेकिन वे जटिल और गंभीर आंतरिक और बाहरी चुनौतियों का भी सामना करती हैं।

लैन ने कहा कि चीन 10+3 ढांचे में सभी पक्षों के साथ काम करने के लिए तैयार है ताकि खुलेपन और समावेशिता को बनाये रखा जा सके, एकजुटता और सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके और इस क्षेत्र की स्थिरता और निश्चितता के साथ वैश्विक अस्थिरता और अनिश्चितता को संबोधित करने के लिए क्षेत्रीय वित्तीय सहयोग को लगातार गहरा किया जा सके। बैठक के बाद आसियान वेबसाइट पर जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि 'बढ़ते व्यापार संरक्षणवाद से वैश्विक व्यापार पर भार पड़ता है, जिससे वैश्विक अस्थिरता और अनिश्चितता को बढ़ावा मिलता है। आर्थिक विखंडन के कारण व्यापार, निवेश और पूरे क्षेत्र में पूंजी प्रवाह प्रभावित हो रहा है। निकट भविष्य की संभावनाएं अन्य बाहरी जोखिमों से भी प्रभावित हो सकती हैं, जिसमें सख्त वैश्विक वित्तीय स्थितियां, प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में विकास में मंदी और निवेश प्रवाह में कमी शामिल है।'

अमेरिका जापान और आसियान देशों के साथ सबसे अधिक मित्रवत है, फिर भी शिखर सम्मेलन के बाद जारी किये गये बयान के लहजे से पता चलता है कि ट्रंप के एकतरफा टैरिफ वृद्धि कदम के खिलाफ उसे दिशा देने में चीन का प्रभाव है। व्यापार कूटनीति में अमेरिका को मात देने के लिए चीन अब जो कर रहा है, वह यह है कि राष्ट्रपति शी खुद को अमेरिका के घोर संरक्षणवाद के खिलाफ नियम आधारित वैश्वीकरण के नायक के रूप में पेश कर रहे हैं। अमेरिकी सलाहकारों ने इस पर ध्यान दिया है और ट्रंप से कहा है कि वे चीन को व्यापार वार्ता में शामिल करें ताकि अन्य देश भी इसका अनुसरण करें।

वैश्विक टैरिफ युद्ध ने कुछ क्षेत्रों में चीन को भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है। हालांकि चीन यह स्वीकार नहीं करता है कि कुछ क्षेत्रों में उत्पादन पैमाने को कम किया गया है, जो नवीनतम टैरिफ युद्ध में अत्यधिक प्रभावित हुए हैं। चीनी अर्थव्यवस्था में लचीलापन है, लेकिन यह अमेरिकी बाजार को निर्यात पर इतना अधिक निर्भर है कि अगर ट्रंप अपनी दरों में बदलाव नहीं करते हैं तो उसके पास बहुत सीमित विकल्प हैं। इसी तरह ट्रम्प के पास भी चीन के साथ जल्द से जल्द व्यापार समझौता करने की मजबूरी है। लेकिन भू-राजनीति भी इसमें बहुत बड़ी भूमिका में है क्योंकि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं वर्चस्व के लिए लड़ रही हैं। 9 मई से होने वाली स्विटजरलैंड वार्ता दोनों देशों के बीच विकसित हो रहे व्यापार संबंधों के रुझान का संकेत देगी।



## ललित सुरजन की कलम से

### वियतनाम: विश्व शांति के लिए एक पहल

*'चीन, भारत, जापान, वियतनाम ये सब एशियाई देश हैं। याने एक-दूसरे के पड़ोसी हैं। यह हर शांतिप्रिय नागरिक चाहेगा कि एशिया में शांति का वातावरण बना रहे। इस दृष्टि से यह आवश्यक हो जाता है कि हिन्द महासागर हो या प्रशांत महासागर, लाल सागर हो या बंगाल की खाड़ी या दक्षिण चीन समुद्र या मलक्का जल डमरूमध्य- इस पूरे जल क्षेत्र में किसी तरह की कोई सैनिक हलचल न हो। यदि दो महाशक्तियों की प्रतिद्वंद्विता के बीच एशिया के समुद्रों में सैनिक अड्डे आदि बनते हैं तो उससे इन एशियाई देशों के अनिष्ट की आशंका हमेशा बनी रहेगी। इस परिदृश्य पर गौर करते हुए कार्यशाला में एकमतेन स्वीकार किया गया कि ये जलराशियां मानवता की साझी धरोहर हैं और इनमें किसी भी तरह की सामरिक गतिविधियां होना अवांछित है तथा इन्हें सदा के लिए शांति का क्षेत्र बने रहना चाहिए।'*

*'तीन दिवसीय कार्यक्रम में इन दो प्रमुख मुद्दों के अलावा परमाणु निशस्त्रीकरण, आतंकवाद, अमेरिका की बढ़ती हुई दादागिरी जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। दूसरी ओर दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच तनाव कम करने के जो प्रयत्न हो रहे हैं इन पर संतोष व्यक्त किया गया।'*

**( देशबन्धु में 21 जून 2018 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/06/blog-post_20.html

## पावन प्रसंग

### सबसे बड़ा संतोष धन

जीवन में असंतोष का अपना ही महत्व है। यदि व्यक्ति या समाज अपनी यथास्थिति से संतुष्ट होकर हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाए तो उसकी सभ्यता, संस्कृति के विकास का मार्ग ही अवरुद्ध हो जाए। इस संदर्भ में असंतोष उचित माना जा सकता है। जहां इसके द्वारा जीवन की उन्नति, प्रगति एवं उत्कर्ष का मार्ग प्रशस्त होता है, लेकिन जब असंतोष के प्रेरक तत्व लोभ अनावश्यक प्रतिद्वंद्विता और ईर्ष्या, द्वेष जैसे नकारात्मक भाव हो जाएं तो यह जीवन की सुख-शांति को चौपट कर देता है।

आज चारों ओर ईर्ष्या-द्वेष और अस्वस्थ होड़ का बोलबाला है। जीवन मूल्यों के क्षरण और नैतिक पतन के कारण इंसान प्रतिद्वंद्विता की अंधी दौड़ में शामिल है। जो सहज रूप से उपलब्ध है, उसमें संतुष्ट नहीं, जबकि उससे जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं पूरी हो रही हैं, सामान्य जीवनयापन चल रहा हो लेकिन जब दूसरों से तुलना करने का, उनकी तरह ठाठ-बाट, महंगे शौक और वैभव प्रदर्शन का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है तो फिर इसका कोई अंत नहीं।

असंतोष से जुड़ी समस्या यहीं से प्रारंभ हो जाती है। इस अंधी दौड़ में यह भी नहीं सूझ पड़ता कि दूसरे का जो वैभव या चमक-दमक दिख रही है, उसका यथार्थ क्या है? क्या वह ईमानदारी की कमाई है। यदि बेईमानी, भ्रष्टाचार या चापलूसी से रौब-दाब, प्रभाव या संपत्ति अर्जित की है तो उसका क्या मोल? ऐसे में दूसरों की चिकनी-चुपड़ी रोटी से तो अपनी रूखी-सूखी ही श्रेष्ठ है, जिसमें मन की शांति संतोष साथ में रहें और जीवन की सद्गति भी सुनिश्चित हो।

यदि दूसरे की कमाई ईमानदारी की है तो उसके वैभव. पद या प्रभाव के पीछे निहित अथक श्रम, त्याग- बलिदान और समर्पण से सीख लेने की आवश्यकता है। भाग्यवश कोई फल-फूल रहा है तो वह भी अनायास ही नहीं होता। किसी पुण्य कर्मों का सुफल वह भोग रहा है। ऐसे में उस व्यक्ति से तो प्रेरणा लेने की आवश्यकता है, जिसके आधार पर आप भी उचित कर्म एवं पुरुषार्थ के बल पर अभीष्ट उपलब्धि की ओर कदम बढ़ा सकें। वास्तव ईश्वर ने पहले ही इंसान को सब कुछ देकर ही धरती पर भेजा है। इतना क्षमतावान शरीर, कल्पनाशक्ति से युक्त मन, निर्णय लेने व योजना बनाने में सक्षम बुद्धि, परिस्थितियों को देखकर संवेदित आंदोलित होने वाला हृदय, जिसके केंद्र में दैवी संभावनाएं लिए स्वयं परमेश्वर विराजमान है।

इनके साथ इंसान अपनी संवेदनशक्ति के साथ मनचाही सृष्टि की रचना कर सकता है। बीज रूप में वह सारी क्षमताएं ईश्वर ने दे रखी हैं, जिनके आधार पर वह महामानव, देवमानव बन सकता है और दैवी संपति का उचित अधिकारी बन सकता है। इस पृष्ठभूमि में नश्वर सांसारिक वैभव संपत्ति के लिए किसी से प्रतिद्वंद्विता में अपना समय और ऊर्जा नष्ट करने में कौन सी समझदारी है? जीवन की वास्तविक संपदा अंदर छिपी है, उसको प्राप्त करने के लिए किससे प्रतिद्वंद्विता? आदर्शों का, श्रेष्ठता का सेवा साधना का, त्याग, बलिदान का वह मार्ग तो खाली पड़ा है जिसमें प्रतिदिन स्वयं के ही कीर्तिमान तोड़ने हैं और नित्यप्रति आंतरिक विकास के पथ पर ही अग्रसर होना है।

**-अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### लगातार आतंकी हमलों के विरोध में उठाया गया कदम

140 करोड़ भारतीय जनमानस की भावनाओं के अनुरूप भारत की जांबाज सेना ने पाकिस्तान के आतंकी अड्डों पर सैन्य कार्रवाई करते हुए आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाकर पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है। भारत ने सैन्य कार्रवाई करते हुए केवल आतंकी ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई करके विश्व को यह भी संदेश दिया है कि हम भारतीय गांधी और बुद्ध के शांतिपूर्ण एवं न्याय की अवधारणा से जुड़े हैं। भारत एक शांतिप्रिय देश है और भारत का यह कदम पाकिस्तान के द्वारा लगातार आतंकी हमलों के विरोध में उठाया गया जरूरी कदम है, जिसको विश्व समुदाय जरूर समझेगा। भारत के प्रधानमंत्री ने सैनिक कार्रवाई के बाद महामहिम राष्ट्रपति से मुलाकात करके स्थिति से अवगत कराया जो भारत की सर्वोच्च कमांडर भी है। बसपा अध्यक्ष मायावती ने इस कार्रवाई को गौरवमय एवं सराहनीय कदम बताया है। इस घटना के बाद सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने एक स्वर में केंद्र सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों का पूर्ण समर्थन किया है। भारत की यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या के विरोध मे की गई है। इस आतंकी घटना के बाद देशभर में उत्तेजना और आक्रोश का माहौल बन गया था और भारत सरकार से यह अपेक्षा थी कि भारत की सरकार आतंकी हमलों के बाद पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देगा जिसकी परिणति अब देखने को मिली है। यह पाकिस्तान के लिए चेतावनी है कि जितनी जल्दी हो सके आतंकवादी गतिविधियों को अपने देश से समाप्त कर दे और किसी तरह का भी संरक्षण और सहयोग ना करे। आतंकी घटनाओं के कारण पाकिस्तान बेनकाब हो चुका है। यदि समय रहते ऐसा नहीं किया तो पाकिस्तान की तबाही निश्चित है।

**-वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली**

मुख्यमंत्री ने की महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा, दिए निर्देश

# कामकाजी महिलाओं को सभी शहरों में हॉस्टल उपलब्ध कराएं

- बच्चों के पोषण और सही शारीरिक विकास के लिए महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और आयुष विभाग परस्पर समन्वय से करें कार्य
- कुपोषण मुक्त झाबुआ के लिए चलाए गए मोटी आई नवाचार की हुई सराहना



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए प्रदेश के सभी शहरों में हॉस्टल सुविधा उपलब्ध कराई जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित सखी-निवास सुविधा का विस्तार उन औद्योगिक क्षेत्रों में भी किया जाए, जहां महिला कर्मचारी अधिक संख्या में हैं। बालिकाओं और महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा उनके कौशल उन्नयन के लिए विभागीय समन्वय से गतिविधियां संचालित की जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, शारीरिक विकास और पोषण की उचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और आयुष विभाग निश्चित कार्य योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन करें। आंगनवाड़ी भवनों की उपलब्धता और रख रखाव के लिए नगरीय निकायों और पंचायतराज संस्थाओं से भी आवश्यक समन्वय सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियों की मंत्रालय में समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। बैठक में कुपोषण मुक्त झाबुआ के लिए चलाए गए मोटी आई अभियान पर लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। नवाचार को अनुकरणीय बताया गया। समीक्षा में महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, विभागीय प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी, आयुक्त महिला बाल विकास श्रीमती सूफिया फारूखी बली सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आंगनवाड़ियों में पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराने की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक माह में कार्य योजना प्रस्तुत की जाए। दुग्ध संघों से आंगनवाड़ी के बच्चों को दूध भी आवश्यक रूप से उपलब्ध कराया जाए। गर्भवती तथा धात्री महिलाओं को भी सम्पूर्ण पौष्टिक आहार उपलब्ध करायें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की सामाजिक संस्थाओं, औद्योगिक इकाइयों के साथ मंदिरों में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग भी आंगनवाड़ियों की बेहतरी के लिए किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सुरक्षित प्रसव के लिए प्रसव की संभावित तिथि से पहले सुदूरवर्ती ग्रामों तथा अन्य स्थानों से अस्पताल पहुंचने वाली गर्भवती महिलाओं के रहने तथा उनकी देखरेख के लिए आवश्यक व्यवस्था विकसित की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समय-सीमा निर्धारित कर यह सुनिश्चित किया जाए की सभी जिलों में आंगनवाड़ियां शासकीय भवनों में संचालित हों। इसके लिए स्कूल शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास और जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य विभागों के उपलब्ध भवनों का भी उपयोग किया जाए। जिला स्तर पर पंचायत राज संस्थाओं, नगरीय निकायों के सहयोग तथा सांसद-विधायक निधि, डीएमएफ एवं अन्य संसाधनों से प्राथमिकता के आधार पर आंगनवाड़ियों के लिए भवनों का निर्माण कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 5 नगरों में मॉक ड्रिल की जानकारी ली, कहा-

# नागरिकों की सुरक्षा प्राथमिकता है

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की राजधानी भोपाल सहित जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर और कटनी में केंद्र सरकार के निर्देशों के पालन में निर्धारित समय पर किए गए ब्लैक आउट और मॉक ड्रिल गतिविधियों की जानकारी संबंधित जिलों के कलेक्टरों से प्राप्त की। डॉ. यादव ने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में आवश्यक प्रबंधन की तैयारी के लिए यह मॉक ड्रिल की गई। नागरिक सुरक्षा की प्राथमिकता और संकटकालीन परिस्थिति की चुनौती को देखते हुए इस तरह की मॉक ड्रिल के माध्यम से न सिर्फ आपदा प्रबंधन के अमले बल्कि नागरिकों को भी सजग और सतर्क करने के प्रयास आवश्यक हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार शाम पुलिस मुख्यालय पहुंच कर सिविल डिफेंस कंट्रोल रूम से प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आपातकालीन स्थिति के लिए की गई मॉक ड्रिल की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। जानकारी दी गई कि सभी जिलों में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार कार्यवाही संपन्न हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को



पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आज संपन्न मॉक ड्रिल और उसकी पूर्व की तैयारियों का विस्तृत विवरण दिया गया। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह जे एन कंसोटिया, एडीजीपी ए. साई मनोहर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पुलिस मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिलेवार जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर्स ने बताया कि नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरी उपाय अपनाने के लिए जिलों के शिक्षित और सजग किया गया है।

## प्रदेश के 5 जिलों में नागरिक सुरक्षा के लिए हुआ मॉक ड्रिल

**भोपाल, देशबन्धु।** देश के मौजूदा हालातों के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुरूप बुधवार को देशव्यापी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के तहत मध्यप्रदेश के 5 जिलों में मॉक ड्रिल किया गया। देर शाम अंधेरे में एयर रेड और ब्लैक ऑउट का अभ्यास करने के साथ ही नागरिकों को आपात स्थिति में सुरक्षित निकालने का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां राज्य मंत्रालय स्थित अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त विशेष नियंत्रण कक्ष से पांचों जिलों की मॉक ड्रिल का अवलोकन किया और संबंधित जिला कलेक्टरों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। राजधानी भोपाल के अलावा इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और कटनी जिलों में मॉक ड्रिल किया गया। इसमें प्रशासनिक अमले के साथ ही स्वैच्छिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की गई।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जताई खुशी, माना प्रधानमंत्री और सेना का आभार



**भोपाल, देशबन्धु।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर किए ऑपरेशन सिंदूर का भाजपा प्रदेश महामंत्री और विधायक भगवानदास सबनानी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर विधायक सबनानी और भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोशनपुरा चौराहा पर खुशी का इजहार किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना को बधाई दी है। इस दौरान पार्षद श्रीमती ब्रजुला सचान, पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र गुप्ता, मुकेश दहाड़े, पारस नरवरिया, अनुपम राकेश जैन, राजू अनेरा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने ली कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक

# ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति जल्द होगी




**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज भोपाल में चुनाव प्रबंधन समिति की मैराथन बैठक की। इस बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के अलावा प्रशिक्षण की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। श्री चौधरी ने इस बैठक में निर्देश दिए कि विधानसभा चुनाव में भले ही 3 साल हैं, लेकिन सभी साथी नेता कार्यकर्ता अभी से तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने 2 हफ्तों में ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति की बात भी कही।

आज सुबह से ही प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मैराथन बैठकें शुरू हो गई थीं। श्री चौधरी और श्री पटवारी ने बैठकों में चुनाव प्रबंधन विभाग, प्रशिक्षण विभाग, मीडिया, सोशल मीडिया विभाग की समीक्षा की। बैठक में सबसे पहले शुरु हुई चुनाव प्रबंध न समिति की बैठक में संगठन में नियुक्तियों पर जोर दिया गया, सबसे पहले ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्तियां पर चर्चा कर 2 सप्ताह के भीतर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियां की किए जाने पर जोर दिया गया। वहीं कांग्रेस के 5 जिलों में खाली पड़े जिला अध्यक्ष के पदों जल्दी नियुक्ति करने पर भी बैठक में बात हुई। श्री चौधरी ने संगठन प्रभारी सुखदेव पांसे और संजय कामले को लंबित मामले जल्द निपटाने के लिए कहा, जिससे काम में तेजी लाई जा सके। बैठक में चुनाव प्रबंधन समिति के प्रभारी प्रियव्रत सिंह वर्चुअल शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ब्लॉक अध्यक्षों और निचले स्तर पर जो संगठन में नियुक्तियां होनी है वो जितनी जल्दी हो जाएंगी, उतनी तेजी से चुनाव प्रबंधन को लेकर काम शुरू कर दिया जाएगा।

**रैली स्थगित :** भारतीय सेना के एयर स्ट्राइक की कार्रवाई के बाद कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों में संविधान बचाओ अभियान के तहत होने वाली रैलियों को रद्द कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को बताया अद्वितीय, कहा-

# भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं वह होता है। हमारी सेना भी जगत जननी मां जगदंबा नवदुर्गा के समान शक्ति संपन्न है, जो दुश्मनों का समूल नाश करने में सक्षम है। पाकिस्तान के 9 आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया है। डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास से मीडिया के लिए जारी संदेश में कहा कि इस कार्रवाई से पूरा देश गौरवान्वित है। ऑपरेशन सिंदूर नाम से ही स्पष्ट है, सिंदूर पर हाथ लगाने और गलत निगाह दौड़ने वाले को भारतीय सेना ने जवाब दिया है। वह दृश्य अपने सामने दिखाई दे रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा था कि हर वह स्थान और हर वह व्यक्ति जो भारत की तरफ गलत निगाह से देखेगा उसे मिट्टी में मिला देंगे। यह परिणाम सबने देखा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी को आतंकी खात्मे के इस जबर्दस्त प्रहार की कोटिश: बधाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय रक्षा मंत्री, गृहमंत्री, सरकार और पूरे भारतवासी जिन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में एकजुटता दिखाई, वह सबके लिए गौरव का विषय है। हम सब प्रधानमंत्री श्री मोदी के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी के हर कदम के साथ है। हमारे देश के दुश्मनों को सबक सिखाते हुए भारतीय वीरता का जो परचम फहराया गया है, यह हम सब भारतवासियों के लिए गर्व का आधार है। इस ऑपरेशन में किसी को भी व्यक्तिगत हानि ना होते हुए आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया है।


## भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली

**विज्ञापन संख्या.आईसीएमआर/भर्ती/बीएमएचआरसी/संकाय/01/2025-आरपी सेल**

### संकाय पदों के लिए भर्ती सूचना

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन, आईसीएमआर-बीएमएचआरसी, भोपाल में निम्नलिखित विभागों में परिषद के तहत अखिल भारतीय स्थानांतरण दायित्व के साथ सीधी भर्ती के तहत नियमित आधार पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित रिक्तियों के लिए 2 जून, 2025 को शाम 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित करता है:

| सं. क्र. | पद | कुल रिक्तियां | पे लेविल | विभाग | रिक्तियां |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रोफेसर | 03 रिक्तियां | लेवल-13 | कार्डियालॉजी | 01 |
| | | एससी-01 | | सीटीवीएस | 01 |
| | | यूआर-02 | | *मनोचिकित्सा | 01 |
| 2 | सहायक प्रोफेसर | 04 रिक्तियां | लेवल-12 | कार्डियालॉजी | 01 |
| | | यूआर-02 | | न्यूरोलॉजी | 01 |
| | | एससी-01 | | सीटीवीएस | 01 |
| | | ओबीसी-01 | | रेडियोलॉजी | 01 |
| 3 | सहायक प्रोफेसर | 09 रिक्तियां | लेवल-11 | सीटीवीएस | 01 |
| | | यूआर-02 | | जीआई मेडिसिन | 01 |
| | | ईडब्ल्यूएस-01 | | नेफ्रोलॉजी | 01 |
| | | ओबीसी-04 | | कैंसर चिकित्सक | 01 |
| | | एसटी-01 | | मनोचिकित्सक | 01 |
| | | एससी-01 | | जीआई सर्जरी | 01 |
| | | | | ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन | 01 |
| | | | | रेडियोलॉजी | 01 |
| | | | | यूरोलॉजी | 01 |

*नोट : पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण (कुल रिक्तियों का चार प्रतिशत (4%), अर्थात 16 रिक्तियों में से एक) क्षैतिज आधार पर दिया जाएगा।

विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया आईसीएमआर की वेबसाइट www.icmr.gov.in या https://recruit.icmr.org.in देखें।

cbc17152/12/0009/2526 **सहायक महानिदेशक (प्रशासन)**



## भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली

**विज्ञापन संख्या.आईसीएमआर/बीएमएचआरसी/भर्ती/विशेष ग्रेड/01/2025-आरपी सेल**

### विशेषज्ञ ग्रेड III के लिए भर्ती सूचना

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन, आईसीएमआर-बीएमएचआरसी, भोपाल में निम्नलिखित विभागों में परिषद के अधीन अखिल भारतीय स्थानांतरण दायित्व के साथ सीधी भर्ती के तहत नियमित आधार पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित रिक्तियों के लिए 02 जून, 2025 को शाम 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित करता है :

| पद | विभाग | कुल रिक्तिया | ऊपरी आयु सीमा |
|---|---|---|---|
| विशेषज्ञ ग्रेड III 07 रिक्तियां* एसटी-01 ओबीसी-02 यूआर-04 | चिकित्सा | 05 | चालीस वर्ष से अधिक नहीं (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए पांच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है) नोट: आयु-सीमा निर्धारित करने के लिए निर्णायक तिथि भारत में अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी। |
| | नेत्र विज्ञान | 02 | |

*नोट : दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए आरक्षण (कुल रिक्तियों का चार प्रतिशत (4%), अर्थात 07 रिक्तियों में से एक) क्षैतिज आधार पर दिया जाएगा।

विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया आईसीएमआर की वेबसाइट www.icmr.gov.in या https://recruit.icmr.org.in देखें।

**सहायक महानिदेशक (प्रशासन)**

cbc17152/12/0011/2526


**दुकानदार पर तेजाब से हमला, हाथ-पांव झुलसे**

**भोपाल,देशबन्धु।** गांधी नगर में व्यवसायी पर तेजाब से हमले का मामला सामने आया है। इससे दुकानदार के हाथ-पांव झुलस गए हैं।


**CHANGE OF NAME**

I, PARASHRAM FATHER OF NAME BABALU GIRIYALKAR HOME ADDRESS AT H NO 322 MAHADEV ROAD KANGARALI KH , DIST - BELAGAVI, STATE - KARNATAKA , PIN CODE 590010 HAVE CHANGED MY NAME FROM PARASHRAM TO SURESH LAXMAN GIRAYALKAR . VIDE AFFIDAVIT DATED 07/05/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , PUNAM SPOUSE OF NAME BABALU GIRIYALKAR HOME ADDRESS AT H NO 322 MAHADEV ROAD KANGARALI KH , DIST - BELAGAVI, STATE - KARNATAKA , PIN CODE 590010 HAVE CHANGED MY NAME FROM PUNAM TO PUNAM BABALU GIRIYALKAR . VIDE AFFIDAVIT DATED 07/05/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , LAXMI MOTHER OF NAME BABALU GIRIYALKAR HOME ADDRESS AT H NO 322 MAHADEV ROAD KANGARALI KH , DIST - BELAGAVI, STATE - KARNATAKA , PIN CODE 590010 HAVE CHANGED MY NAME FROM LAXMI TO LAXMI SURESH GIRAYALAKAR . VIDE AFFIDAVIT DATED 07/05/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , ARMY NO - 10391189K RANK LNK NAME KUNAL SURYAVANSHI SERVING IN 108 INF BN TA MAHAR C/O 56 APO HOME ADDRESS AT 95 SLAIS 3 ATAL PARISAR KE PASS ARANY NAGAR SEC D INDORE, INDORE MADHYA PRADESH, 452010 HAVE CHANGED MY SON NAME FROM DHRU TO DHRUV KUNAL SURYAVANSHI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 08/05/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP


# ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी संघ ने की संचालक और प्रमुख सचिव से मुलाकात



**भोपाल, देशबन्धु।** ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज विभाग की संचालक और प्रमुख सचिव से मुलाकात की। इस दौरान संघ ने अधिकारियों के समक्ष विभागीय कर्मचारियों से संबंधित अनेक लंबित मांगें बैठक में रखीं। अधिकारियों ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और शीघ्र ही सकारात्मक समाधान का आश्वासन दिया।

संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति नहीं मिल पाने की स्थिति में समयमान वेतनमान की सुविधा देने, पुनरीक्षित स्थायी यात्रा भत्ते की दरों में यथोचित वृद्धि, पदनाम परिवर्तन ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी पदनाम को बदलकर केवल उद्यान विस्तार अधिकारी किए जाने की मांग की है। उनकी अन्य मांगों में उच्च पदस्थ अधिकारी का कार्य अस्थायी रूप से दिए जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारी को दोहरा कार्य भत्ता प्रदान करने, तकनीकी और डिजिटल कार्यों में बढ़ोतरी को देखते हुए प्रत्येक अधिकारी को प्रतिमाह 4 हजार एग्रीस्टैक भत्ते के रूप में दिए जाने, पदोन्नति प्रक्रिया को पारदर्शी व त्वरित किए जाने, ग्रेड पे 28 सौ किए जाने की मांग रखी गई है। एमपीएफएसटीएस पोर्टल का मोबाइल ऐप कार्य की गति बढ़ाने व फील्ड लेवल पर डेटा अपलोड की सुविधा के लिए पोर्टल का मोबाइल ऐप तैयार किए जाने की मांग शामिल हैं। वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करते समय प्रांतीय सचिव, सुबोध ठाकरे, प्रांतीय कोषाध्यक्ष योगेश तिवारी, प्रांतीय संगठन मंत्री संदीप बिरला और प्रदेश महामंत्री गंभीर जाट के साथ कार्यकारिणी सदस्य मनोज साहू, विनोद तिवारी, प्रभाकर कडु, राकेश जाट, संदीप हाडा, राहुल पाटीदार, प्रमुख रूप मौजूद रहे।


**CHANGE OF NAME**

WE , C JOHNSON & N PUSHPARANI ARE PARENTS OF ARMY NO - 4585662Y RANK NK NAME PRABIN J SERVING IN 4 MAHAR (BORDER'S) HOME ADDRESS VILL - MECODE , PO - CHENKODY , PS - THIRUVATTAR , TEH - KALKULAM, DIST - KANYAKUMARI, STATE - TAMIL NADU, PIN CODE - 629177 HAVE CHANGED MY NAME FROM C JOHNSON TO JOHNSON CHINNAIYAN AND CHANGED FROM N PUSHPARANI TO PUSHPARANI JOHNSON IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 08/05/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

WE , KAMALANATHAN A & ARUT SELVI ARE PARENTS OF ARMY NO - 4588097X RANK NK NAME PUSHPARAJ K SERVING IN RECORS THE MAHAR REGT CENTRE C/O 56 APO HOME ADDRESS VTC - ARANI , PO - ARNI , DIST - TIRUVANNAMALAI, STATE - TAMIL NADU PIN - 632301 HAVE CHANGED MY NAME FROM KAMALANATHAN A TO A KAMALANATHAN AND CHANGED FROM ARUT SELVI TO ARUTSELVI K IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 08/05/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P



## कार्यालय परियोजना प्रशासक

बेतवा परियोजना क्रियान्वयन इकाई (बीपीआईयू-2)क्रमांक-2 राहतगढ़ जिला सागर (म.प्र.)

E-Mail- betwapiuw@gmail.com

पत्र क्रमांक 842/कार्य/ 2025-26 राहतगढ़ दिनांक 06.05.2025

**सार्वजनिक सूचना**

जरिये सूचना के सर्व संबंधित एवं ग्रामवासी ग्राम ककरूआ बरामदगढ़ी एवं चांदामऊ तहसील बेगमगंज जिला रायसेन को सूचित किया जाता है कि बीना सिंचाई परियोजना अंतर्गत मडिया बांध में आगामी वर्षाकाल 2025 में जल भराव किया जाना है। प्रभावित परिवार/मकान धारक बांध के डूब क्षेत्र को दिनांक 31.05.2025 तक अनिवार्य रूप से खाली कर अन्यत्र विस्थापित होना सुनिश्चित करें।

अंतिम दिनांक के पश्चात नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। अत: निर्धारित सीमा दिनांक 31.05.2025 के पूर्व डूब क्षेत्र खाली करने का कष्ट करें।

**( विनय भूषण रोहित )**
**परियोजना प्रशासक**
**बेतवा परियोजना क्रियान्वयन इकाई**
**जी-12536/25 ( वीपीआईयू-2 ) क्रमांक 2 राहतगढ़, जिला सागर ( म.प्र. )**



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र.1 सागर

फोन नं. 07582-222296 ई-मेल आईडी - eepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं.05/2025-26 केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर, दिनांक 05.05.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) रुपये में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (वर्षाकाल सहित) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_ 421178_1 | लो.नि.वि. उपसंभाग देवरी के अंतर्गत आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत कार्य अनु. लागत 40.00 लाख | सागर | 4000000 | 50000/- | 5000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 2025_PWDRB_ 421179_1 | लो.नि.वि. उपसंभाग देवरी के अंतर्गत गैरआवासीय भवनों में साधारण मरम्मत विशेष मरम्मत कार्य अनु. लागत 40.00 लाख | सागर | 4000000 | 50000/- | 5000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| 3 | 2025_PWDRB_ 421180_1 | लो.नि.वि. उपसंभाग सागर के अंतर्गत इंजीनियरिंग महाविद्यालय सागर के आवासीय एवं गैरआवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत कार्य अनु. लागत 40.00 लाख | सागर | 4000000 | 50000/- | 5000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण |
| | | | कुल | 12000000 | | | | |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन लाईन दिनांक **06.05.2025** समय 10.00 से दिनांक **19.05.2025** समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. ( भ./स. ) संभाग क्रं.1 सागर**

जी-12528/25

## सार समाचार

### युवती घर से लापता, पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से 21 साल की युवती परिजनों को बिना बताए लापता हो गई है। लापता युवती के परिजनों ने पुलिस को बताया है कि उसका पति टीकमगढ़ में मजदूरी करने के लिए गया था। बुधवार की रात को सभी लोग खाना खाकर सो गए थे। रात 3 बजे युवती की जेठानी ने कमरे में जाकर देखा तो युवती कमरे में नहीं मिली। परिजनों ने युवती को आसपास व रिश्तेदारियों में तलाश किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। परिजनों ने आज पुलिस थाने में आकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए लापता युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### नारकीय जीवन जीने को मजबूर नागदा सातखोरी के 60 परिवार

**देवास, देशबन्धु।** विगत दिनों चली तेज हवा आंधी के कारण नागदा सातखोरी में निवास कर रहे घुम्मकड़ व अन्य जाति के करीब 60 परिवारों का आशियाना उजड गया था। आज तीन दिन हो चुके है, लेकिन कोई जवाबदार प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि सुध लेने नही आया। अखिल भारतीय घुम्मकड जनजाति नाथ समाज के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह नाथ ने बताया कि हम सभी लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। प्रशासन व जनप्रतिनिधि कोई हमारा साथ नहीं दे रहा है। बिना पानी, बिजली के खुले में जीवन जीने को मजबूर है। न खाने का ठिकाना है और न ही सोन का ठिकाना है। नागदा सात खोरी के क्षेत्र में वर्षों से निवास कर रहे 60 परिवारों को पट्टा नहीं मिल रहा है।

खबर के आते ही पीएचई विभाग के अधिकारी ने इस समस्या को संज्ञान में लिया

# 10 दिन से बंद थी पानी की आपूर्ति, खबर के बाद कस्बे में शुरू हुई जलापूर्ति

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत दिगौड़ा में पिछले 10 दिन से नलजल योजना के अंतर्गत पानी की सप्लाई पूरी तरह से बंद थी। इस भीषण गर्मी व शादी समारोह के समय पर लोगों को पानी की भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। खबर प्रकाशित होने के बाद 7 मई से कस्बा में नलजल योजना के तहत पानी की सप्लाई को शुरू कर दिया गया है, जिससे ग्रामवासियों को हो रही पानी की गंभीर समस्या से अब राहत मिली है।

ग्राम पंचायत दिगौड़ा के अधिकतर हिस्से में पिछले 10 दिन से नलनल योजना के अंतर्गत पानी की सप्लाई बंद होने से ग्रामवासियों को पीने के पानी तक की परेशानी हो रही थी। लोग पानी की तलाश में साइकिल पर डिब्बे लटका कर अपने घर तक पानी ला रहे थे।

साथ ही तपती दोपहर को भीषण गर्मी में महिलाएं व बच्चे पानी के लिए दरदर की ठोकरें खा रहे थे। ग्रामवासियों को गांव में जहाँ भी पानी मिलता था, वहां पानी लेने के लिए परिवार सहित पहुंच जाते थे।

कस्बा में इस पानी की गंभीर जन समस्या


देशबन्धु
Influencing Public Opinion Since 1959
07 May 2025 - Page 6

परेशान हो रहे ग्रामवासी, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

नल - जल योजना की आपूर्ति ठप्प, 10 दिन से पानी के लिए हाहाकार

दिगौड़ा, देशबन्धु। केंद्र सरकार व मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं में सबसे अधिक महत्वपूर्ण नलजल योजना के तहत टीकमगढ़ जिले की ग्राम पंचायत दिगौड़ा में पिछले 10 दिन से पानी की सप्लाई पूरी तरह से बंद है।

इस भीषण गर्मी व शादी समारोह में लोगों को इस समय पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है और ऐसे में 10 दिन से पानी की सप्लाई बंद होने से ग्रामवासियों को पानी की भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

ग्राम पंचायत दिगौड़ा के अधिकतर हिस्से में पिछले 10 दिन से नलनल योजना के अंतर्गत पानी की सप्लाई बंद होने से ग्रामवासियों को पीने के पानी तक की परेशानी हो रही है।

लोग पीने के पानी की तलाश में साइकिल पर डिब्बे लटका कर अपने घर तक पानी ला रहे हैं। साथ ही तपती दोपहर को भीषण गर्मी में महिलाएं व बच्चे पानी के लिए दरदर की ठोकरें खा रहे है। आलम यह है कि ग्रामवासियों को गांव में जहाँ भी पानी मिल रहा है वहां पानी लेने के परिवार सहित पहुंच जाते हैं।

इस गंभीर जन समस्या को लेकर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामवासियों ने नलजल योजना की सप्लाई जल्द शुरू कराए जाने की मांग प्रशासन से की है।

बताया जा रहा है कस्बा में नलजल योजना के अंतर्गत पानी की सप्लाई को चालू करने वाले प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा मस्जिद मुहल्ला वार्ड नं 7 के लोगों से पैसे लेकर वहां तो पानी की सप्लाई नियमित रूप से की जाती है, वहीं वार्ड नं 4 जैन मंदिर मुहल्ला व कुशवाहा मुहल्ले में पानी की सप्लाई नियमित रूप से नहीं की जाती है। इन मुहल्लो में पिछले 10 दिन से पानी की सप्लाई बंद पड़ी हुई है। इसका कारण पूछो तो बताया जाता है कि बिजली नहीं मिल रही है।

इनका कहना है

– इस समस्या का जल्द ही समाधान किया जाएगा। ग्रामवासियों को हो रही पानी की समस्या का निराकरण करने के लिए कॉन्ट्रेक्टर को निर्देश दिए जाएंगे। बुधवार से कस्बा के प्रत्येक मोहल्ले में नियमित रूप से पानी की सप्लाई की जाएगी। यदि समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो कार्यवाही की जाएगी।

सूर्यांश कटारे,
एसडीओ पीएचई विभाग,
जतारा

को लेकर को लेकर समाचार पत्रों में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई। खबर के आते ही पीएचई विभाग के अधिकारी ने इस समस्या को संज्ञान में लिया और दिगौड़ा कस्बा में 7 मई बुधवार से पानी की सप्लाई शुरू हो गई। गांव में अब पानी की सप्लाई शुरू होने पर ग्रामवासियों ने कहा है कि कस्बा के प्रत्येक मुहल्लो में एक दिन छोड़कर नियमित रूप से पानी की सप्लाई की जाए, जिससे ग्रामवासियों को पानी की यह समस्या फिर से ना हो पाए।

**खबर का असर**

# स्यावनी की चंदेल कालीन बावड़ी की श्रमदान कर की साफ-सफाई

**जल गंगा संवर्धन अभियान**



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत मध्य प्रदेश जनाभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नवाकुर संस्था खरों विकासखण्ड पलेरा के सेक्टर की ग्राम पंचायत स्यावनी में जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत पुरानी चंदेलकालीन बावडी अंजनी मंदिर में जल चौपाल आयोजित कर साफ सफाई की गई। इस अवसर पर छात्रों और प्रस्फुटन समिति सदस्यों ने ने बावरी मे उतरकर दीवारों से खरपतवार हटा कर साफ सफाई की। इसके बाद सीढ़ियों की साफ सफाई की। बावड़ी के अन्दर जल में डले गंदे कचडे को निकाल कर सफाई की गई। इस सैकड़ों वर्ष पुरानी धरोहर के रखरखाब की प्रेणा दी गई।

इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक राजकुमार जैन ने जल गंगा अभियान के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो के बारे में बताया। मुख्यमंत्री मोहन यादव जी द्वारा किये जल सरक्षण के आवाहन के वारे मे जानकारी दी उन्होंने बताया कि जिला समन्वयक डॉ सुनील कटियार म प्र जन अभियान परिषद के मार्ग दर्शन में जिले में जगह जगह जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। इस सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, नवाकुर संस्था प्रमुख हृदेश कुमार सेन ने कहा की सभी को मिलकर आपने पुराने जल स्रोतों, चंदेली तालाब, कुआ , बावड़ी की साफ सफाई करना है।गाँव में मौजूद जलीय संरचनाओं को चिन्हित कर उनका संरक्षण करना है। जिससे वर्षा जल अधिक मात्रा में संग्रह किया जा सके। उसके लिए कार्य करने की बात कही गई है। इस कार्यक्रम के सहयोगी जल मित्र रतिराम रजक ने कुओं के जल को साफ रखने की बात कही। कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के चन्देरा मंडलाध्यक्ष महेन्द्र कुशवाहा रघुवीर राजपूत मंडल अध्यक्ष बराना ने सरकार के योजनाओं के वारे में सभी को जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर परामर्शदाता गजेश सेन ,मुकेश आहिरवार ,सीमा आहिरवार,भूपेन्द्र सिह, अरविन्द सिह, समाज सेवी हरपाल सिंह, दाऊ राघविन्द ने ग्राम पंचायत के वरिष्ठ नागरिक धनीराम, खटीक पूर्व सरपंच ,दीब्बू साहू , लख्खू आहिरवार, ओम प्रकाश साहू अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

अवैध देशी कट्टा एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार

# पलेरा पुलिस ने 24 घंटे में पकड़ा मारपीट का आरोपी

**पलेरा, देशबन्धु।** पुलिस ने मारपीट के एक आरोपी को महज 24 घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लारौन निवासी कलू पिता बलू रैकवार (50) ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 6 मई की रात के समय करीबन 11 बजे मैं और मेरी मां गिरजाबाई घर के बाहर बैठे हुए थे।

मां के साथ जमीन के बंटवारे को लेकर बात-चीत कर रहे थे इतने में मुर्राहाबंद का नरेन्द्र राजा आया और हमारी आपसी बात-चीत में दखल देने लगा मैने नरेन्द्र राजा से कहा कि यह हमारा आपसी मामला है हम निपटा लेंगे तो इसी बात पर से नरेन्द्र राजा मुझे गंदी-गंदी गालिया देने लगा मैने गालिया देने से मना किया तो नरेन्द राजा ने मेरी लात-घूसों से मारपीट कर दी और देशी कट्टा दिखाकर धमकी देने लगा, की रिपोर्ट पर अपराध कायम




कर विवेचना मे लिया गया।

इस घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के दी गई, जिनके द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पलेरा निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई,पुलिस टीम द्वारा आरोपी नरेन्द्र राजा की सघन तलाश की गई एवं संभावित स्थानों पर दबिश देकर 24 घंटे के अंदर आरोपी नरेन्द्र सिंह बुन्देला पिता लल्लूराजा बुन्देला (48) निवासी लारौन हाल मुर्राहाबंद थाना पलेरा से 12 बोर का देशी कट्टा व एक 12 बोर के जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया साथ ही प्रकरण में आर्म्स एक्ट का इजाफा किया गया । आरोपी से जप्त सामग्री 12 बोर का देशी कट्टा एवं एक 12 बोर का जिंदा कारतूस बरामद किया ।

### नाबालिग का अपहरण कर किया दुष्कर्म, अपचारी बालक सहित 2 गिरफ्तार

**दिगौड़ा, देशबन्धु ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से कुछ दिन पहले एक नाबालिग बालिका का अपहरण किया गया था। अपहरण करने वाले नाबालिग अफचारी ने बालिका के साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर नाबालिग अपचारी व सह आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

थाना प्रभारी संदीप सोनी ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से पिछले दिनों एक नाबालिग बालिका अपहरण किया गया था। इस दौरान बालिका के साथ अपहरण करने वाले नाबालिग लड़के द्वारा दुष्कर्म किया था और एक युवक द्वारा सहयोग किया गया था। पीड़िता को दस्तयाब किया गया और बालिका के कथनों पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना व साइबर सेल की सहायता से दुष्कर्म के नाबालिग अपचारी व सह आरोपी राजा खंगार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने नाबालिग अपचारी को बाल न्यायालय व सह आरोपी को जिला न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी संदीप सोनी, प्रधान आरक्षक विजय घोष, आनंद सुडेले, अभय वर्मा, अनिल रिछारिया, भारत सिंह, आरक्षक रजत दांगी, अजीत सिंह, कपिल शर्मा की मुख्य भूमिका रही।

# पुलिस ने अपहृत नाबालिग को बरामद कर परिजनों से मिलाया

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस महानिदेशक महोदय कैलाश मकवाना द्वारा राज्य स्तर पर नाबालिग बालिका,बालक की दस्तयाबी हेतु विशेष अभियानऋ चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा नाबालिग बालिका,बालक की दस्तयाबी हेतु सभी थाना,चौकी प्रभारियों को निरंतर दैनिक रूप से प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पंकज शर्मा के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई जिसके द्वारा मेहनत व लगन से कार्य करते हुये थाना कोतवाली के



दर्ज अपराध क्रमांक 498/2020 धारा 363 आईपीसी की अपहृत नाबालिग बालिका को मुखबिर तंत्र एवं साइबर सेल की सहायता से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है ।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पंकज शर्मा, प्रधान आरक्षक गजाधर, प्रधान आरक्षक मनीष भदौरिया, आरक्षक गौरीशंकर, आरक्षक शैलेन्द्र, महिला आरक्षक भारती,एनआरएस सुनील का विशेष योगदान रहा।

# 31 स्थाई वारंटी, 246 गिरफ्तारी वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार किया




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अप्रैल में स्थाई वारंटों एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामीली के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया था।

उक्त विशेष मासिक अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एस.डी.ओ.पी टीकमगढ़, जतारा के मार्गदर्शन में टीकमगढ़ जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए न्यायालय से जारी स्थाई वारंटों एवं गिरफ्तारी वारंटों को तामील किया गया।

जिसमें पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश के लिए मुखबिर तंत्र एवं साइबर सेल की सहायता से कुल 31 स्थाई वारंटियों एवं 246 गिरफ्तारी वारंटियों को जिले के विभिन्न क्षेत्र सहित जिले व राज्य के बाहर से गिरफ्तार किया गया एवं न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। टीकमगढ़ पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर लगातार नज़र रखने एवं त्वरित कार्यवाही करने के लिए दैनिक रूप से पैदल भ्रमण ,मोबाइल पेट्रोलिंग एवं रात्रि गश्त की जा रही है।

# खंभे से टकराई कार, बाल-बाल बचे युकां नेता जैन

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस के युवा नेता एवं समाजसेवी जितेंद्र जैन क्रांतिकारी की कार आज खम्बे से जा टकरा गई। यह तो गनीमत रही कि इस हादसे में कार भले ही क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन श्री जैन बाल-बाल बच गए।

उन्होंने हादसे में सुरक्षित रहने को प्रभु की कृपा एवं गुरुजनों का परम आशीर्वाद के साथ ही जनता के स्नेह को सलामती की वजह बताया है। जहां इस हादसे में मेरी फोर व्हीलर कर क्षतिग्रस्त हो गई।

जितेंद्र जैन क्रांतिकारी ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि जब पार्टी के कार्यकर्ताओं से बड़ागांव धसांन में मेरी सौजन्य भैंट और जनता जनार्दन से मिलना जुलना था तो मैं टीकमगढ़ से निकला और बड़ागांव मिलता हुआ



वहीं से ब्रह्म रूपी गुरुजी शाहगढ़-हीरापुर के लिए जाना था।

और गुरुजी का आशीर्वाद एवं उनका दर्शन करने का था जब मैं गुरु जी के आशीर्वाद और दर्शन कर वापिस टीकमगढ़ आ रहा था क्योंकि टीकमगढ़ के बल्देवगढ़ विकासखंड में भी पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं के यहां सौजन्य भेंट और बात मुलाकात एवं जनता जनार्दन के बीच पहुंचना था।

इस दौरान हीरापुर से लौटते समय हीरापुर की वन चौकी के पास एक तेज रफ्तार कार ने ओव्हरटेक किया और मेरी गाड़ी अचानक खम्बे से जा टकराई जिसके चलते यह हादसा हुआ है लेकिन भगवान की कृपा और आप सभी के प्यार आशीर्वाद से में सही सलामत हूं।

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन मैदान पर खेल रहे बच्चों से किया संवाद



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिला स्तर पर युवाओं, बच्चों को नशे से दूर रहने ,खेलों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने ,प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए समस्त थाना,चौकी क्षेत्र में युवाओं को जोड़ने एवं प्रोत्साहित करने हेतु 'युवा जोड़ो अभियान' चलाया जा रहा है ।

इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा पुलिस लाइन ग्राउंड पर खेल रहे बच्चों से संवाद किया उनसे खेलों पर ,शिक्षा,प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में चर्चा की जिसमें बच्चों को खेलों का महत्व बताया गया, नशे से दूर रहने की सलाह दी गई,प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के टिप्स दिए साथ ही किसी भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल न होने हेतु समझाया गया । इसके साथ ही बच्चों को फल वितरित किए व उत्कृष्ठ प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया गया।

2 आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध

# गाली गलौज कर जातिसूचक शब्दों से किया अपमानित, की मारपीट

**दिगौड़ा, देशबन्धु ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरी खास में रास्ते में खड़े पीड़ित व्यक्ति के साथ गांव के दो लोगों ने जातिसूचक शब्दों के साथ गाली गलौज की और लाठी डंडे से मारपीट कर दी। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

थाना प्रभारी संदीप सोनी ने बताया है कि दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरी खास के पीड़ित व्यक्ति जाहर पिता रामस्वरूप चढ़ार उम्र 32 साल 5 मई की रात करीब 9 बजे अपने घर के पास गांव के रास्ते पर खड़ा हुआ था। तभी गांव के साहिल खान व यूनुस खान आए और रास्ते पर खड़े होने पर से पीड़ित के साथ जाति सूचक शब्दों के साथ गाली गलौज की और लड़ाई झगड़ा करने लगे।

पीड़ित व्यक्ति ने गाली गलौज करने से मना किया तो इन दोनों ने लाठी डंडे से पीड़ित की मारपीट कर दी। इस घटना में पीड़ित को चोटें आ गई। पीड़ित व्यक्ति की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट एवं मारपीट की अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### युवक ने छात्रा को वाहन से टक्कर मारकर किया घायल

**बल्देवगढ़, देशबन्धु ।** पिछले दिनों बल्देवगढ़ के बम्होरी तिगैला निवासी संतोष चौरसिया पर लड़की से छेड़खानी का मामला हुआ था। इसके बाद से लड़की के परिजनों पर केस वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा था। परिजनों के नहीं मानने पर आरोपी संतोष चौरसिया ने कॉलेज से पेपर देकर भाई के साथ लौट रही लड़की की स्कूटी में टक्कर मार दी। चार पहिया वाहन की टक्कर से स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना को लेकर लकड़ी ने वीडियो बनाया। पीड़िता ने थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लड़की का कहना है कि जान से मारने की नियत से टक्कर मारी गई थी। आरोपी पर कई मामले दर्ज है।

फिल्म की शूटिंग पिछले एक साल से बुंदेलखंड के कई क्षेत्रों में चल रही थी

# जिले की संध्या तिवारी का बॉलीवुड में डेब्यू, मिसेज बुंदेलखंड विजेता ने 'मैं बनूंगी मिस बुंदेलखंड' फिल्म में निभाया लीड रोल

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** एसके इवेंट कंपनी एंड फिल्म प्रोडक्शन हाउस मुंबई की फिल्म %मैं बनूंगी मिस बुंदेलखंड द यूमेन पावर% का प्रोमो टीकमगढ़ में लॉन्च किया गया। फिल्म में मिसेज बुंदेलखंड 2024 की विजेता संध्या तिवारी मुख्य भूमिका में हैं।

प्रोमो लॉन्च के मौके पर फिल्म के निर्माता-निर्देशक समीर खान, सुंदर लिखार, कॉमेडियन अजय कुमार निगम और अभिनेता हैदर अली मौजूद रहे। समीर खान ने बताया कि फिल्म की शूटिंग पिछले एक साल से बुंदेलखंड के कई क्षेत्रों में चल रही थी। टीकमगढ़ की रहने वाली संध्या तिवारी न सिर्फ एक मॉडल हैं, बल्कि एक कुशल कॉमेडियन भी हैं। उनके समयबद्ध और प्रभावी काम से प्रभावित होकर प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म का




प्रोमो टीकमगढ़ में लॉन्च करने का निर्णय लिया।

फिल्म की कहानी एक महिला के बचपन से लेकर जवानी तक के सफर को दर्शाती है। यह फिल्म युवा पीढ़ी की महिलाओं को सशक्तिकरण का संदेश देती है। फिल्म की शूटिंग मुंबई के साथ-साथ बुंदेलखंड के कई हिस्सों में की गई है।

फिल्म 29 मई को कई सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आज सिविल लाइन रोड स्थित एक होटल में फिल्म का प्रमोशन किया गया। कार्यक्रम की आयोजक वी क्लब उन्नति की सदस्य नीतू द्विवेदी ने बताया कि टीकमगढ़ की बेटी ने जिले का नाम रोशन किया है। यह हमारे लिए गौरव की बात है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष सुषमा सिंह मुख्य अतिथि रहीं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, विवेक चतुर्वेदी, प्रफुल्ल द्विवेदी, सुरेश दौंदेरिया, पूनम जायसवाल सहित समाजसेवी मौजूद रहे।

## सार समाचार

### खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ आज

**पन्ना, देशबन्धु।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग पन्ना द्वारा 9 से 31 मई तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को छत्रसाल स्टेडियम पन्ना में शाम 5 बजे शिविर का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे। शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस थोटा करेंगे। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी एस.पी. सिंह बघेल ने सर्वसंबंधितों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### दो आंगनबाडी कार्यकर्ता सेवा से पृथक

**पन्ना, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत पन्ना ग्रामीण बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सेवा से पृथक करने की कार्यवाही की गई है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र से लगातार अनुपस्थित रहने, केन्द्र संचालन में लापरवाही तथा विभागीय निर्देशों के अनुसार आंगनबाडी केन्द्रों का संचालन न करने वाली कार्यकर्ता-सहायिकाओं के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश जारी किए गए थे। इसके तहत नगर परिषद देवेन्द्रनगर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित केन्द्र की कार्यकर्ता आरती नामदेव एवं आंगनवाडी केन्द्र ललार की कार्यकर्ता पूनम त्रिपाठी को आंगनवाडी केन्द्र से निरंतर अनुपस्थित रहने, केन्द्र संचालन में लापरवाही बरतने और केन्द्र का विधिवत संचालन न करने पर सेवा से पृथक किया गया है।

### एससी महासभा जिला अध्यक्ष बने अहिरवार



**पथरिया दमोह, देशबन्धु।** एससी महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. प्रवेंद्र चंद्राकर के निदेर्शानुसार व राष्ट्रीय कार्यकारिणी एससी महासभा प्रदेश कार्यकारिणी व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष इंजी. यावेन्द्र कुमार साकेत एवं पत्रकार निर्मल रोकडे की सहमति से एससी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एड. सूरज सखवार द्वारा द्वारका प्रसाद अहिरवार को जिला अध्यक्ष व आकाश भारती को कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश महासचिव मनीष राज ने कहा कि समाज की एकता, अखंडता और जातिगत जनगणना के लिये महासभा कार्य कर रही है साथ कार्यकारणी को मजबूत बनाने के लिए संगठन निर्माण पर जोर दिया जाएगा।

### परिवहन विभाग ने 9 बसों पर की 23 हजार की चालानी कार्रवाई

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एआरटीओ एवं विभाग की टीम द्वारा गुना शहर में फतेहगढ़ तिराहे एवं अशोकनगर रोड पर चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान में 20 यात्री बस चैक की गई जिनमें से 07 यात्री बसों पर ओव्हरलोड एवं 01 यात्री बस बिना फिटनेस पाई गई जिनमें से कुल 09 यात्री बसों पर 23 हजार रूपये जुर्माने के रुप में वसूल किए गए। साथ ही एक दिव्यांगजन यात्री द्वारा वाहन क्रमांक एमपी 67 पी 1491 बालाजी बस सर्विस की शिकायत पर परिवहन विभाग की टीम द्वारा चालानी कार्यवाही करते हुए रुपये 3000 रुपए का चालान वसूला गया। कार्रवाई के दौरान परिवहन की टीम में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ज्ञानेन्द्र वैश्य, चैक पॉइन्ट प्रभारी संतोष सिंह तोमर, विवेक दुबे, आरक्षक ध्रुव कुमार मीना, ब्रजेन्द्र उपाध्याय, सोनू ओझा, नितिन शर्मा, चंदन अहिरवार शिवेन्द्र रघुवंशी, हेमन्त रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

# लूट के आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

पथरिया/दमोह, देशबन्धु। स्कूटी सवार 2 युवकों से मोबाइल और नगदी लूटने करने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से लूट का माल बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक श्रृतकीर्ति सोमवंशी ने घटना के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए मीडिया को बताया कि विगत 2 मई को दमोह पथरिया रोड छापरी तिगड्डा पर स्कूटी पर जा रहे 2 लड़के रीतेश चौरसिया निवासी पथरिया एवं मोहित पटेल के साथ अज्ञात लोगों ने लूट की थी। आरोपियों ने उनसे मारपीट कर उनका पैसा, मोबाइल और लूट लिया था। घटना की रिपोर्ट थाना पथरिया में दर्ज कराई गई थी। प्रकरण कायम कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। इसी दौरान संदेहीगण तनुज जाटव, आयुष दुबे और हीरो उर्फ अब्दुल रशीद को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। उन्होंने स्वीकार किया कि 2 मई को करीब 11 से 11:30 बजे तीनों के बीच तीन गुल्ली चौराहा पर पथरिया रोड पर कोई अकेला व्यक्ति देख लूटने की सलाह हुई। तीनों का हीरो उर्फ अब्दुल की मोटर साईकिल से पथरिया रोड तरफ जाना हुआ। एक मोटर साईकिल बाला व्यक्ति जोरतला तिगड्डा पर अकेला मिला। जिसे रोककर तनुज जाटव और आयुष दुबे ने उससे उसका वीवो कम्पनी का मोबाईल फोन और 60 रुपये नगदी लूट लिए। इसके बाद तीनों ग्राम जोरतला तरफ भाग गए। जोरतला तरफ से छिरका बकैनी होते हुए छापरी तिगड्डा आए, जहां आरोपियों द्वारा रीतेश चौरसिया एवं मोहित पटेल को रोका गया और आरोपी तनुज जाटव द्वारा स्कूटी की चाबी निकाल ली गई। उसके बाद तनुज जाटव एवं आयुष दुबे द्वारा रीतेश चौरसिया व मोहित पटेल के 3 मोबाईल व 6 सौ रुपए लूट लिए। इस दौरान रीतेश चौरसिया और मोहित पटेल का विरोध करने पर वहीं पास में पड़ी हुई बियर की बाटल उठाकर तनुज जाटव द्वारा रीतेश चौरसिया के सिर में मारी गई। जिससे रीतेश चौरसिया के सिर से खून निकल आया था।

प्रकरण में लूटे गये माल मसरूका को आरोपीगणों से पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया है जिसमें आरोपी तनुज जाटव से एक मोबाईल फोन नाथिंग कम्पनी का कीमती करीबन 25 हजार रुपए। आरोपी हीरो उर्फ अब्दुल रसीद से एक वीवो कम्पनी का मोबाईल फोन कीमती करीबन 30 हजार रुपए एवं एक मोटर साईकिल होण्डा कम्पनी की कीमती करीबन 40 हजार रुपए और आरोपी आयुष दुबे से एक वीवो कम्पनी का मोबाईल करीबन 15 हजार रूपये एवं साठ रूपये। घटना कारित करने पर आरोपी तनुज पिता स्व. रामअवतार जाटव उम्र 22 वर्ष निवासी सिविल वार्ड नं. 01 शोभानगर दमोह, आरोपी हीरो उर्फ अब्दुल रसीद पिता जिब्राईल रसीद खान उम्र 26 वर्ष निवासी धर्मपुरा वार्ड नं. 39 दमोह, और आरोपी आयुष दुबे पिता राकेश दुबे उर्म 20 वर्ष निवासी पंलदी चौराहा, ढिमरौला मोहल्ला कोतवाली को गिरफ्तार किया गया है। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी निरीक्षक सुधीर कुमार बैगी, उनि डी पी साहू, प्रआर. वीरेन्द्र, प्रआर भगत, प्रआर राकेश आठ्या, प्रआर सौरभ टण्डन, आरक्षक गण रोहित राजपूत, मयंक दुबे साइवर सेल, कपिल, नवीन, संदीप कुर्मी, रामसींग, ओमप्रकाश, नरेन्द्र, चा. मोहन एवं एनआरएस सदस्य केशव राठौर, हेमन्त यादव रहे।

# शहर में ओवर ब्रिज के पास हुई बड़ी चोरी का खुलासा



**पथरिया/दमोह, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली दमोह क्षेत्र अंतर्गत विगत दिनों पथरिया फाटक ओवर ब्रिज के पास रामरमा पेट्रोल पंप के पास हुई चोरी का पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने पुलिस कंट्रोल रूम में पत्रकार वार्ता में खुलासा कर जानकारी दी गयी है कि प्रार्थी राजकुमारी जैन निवासी हटा नाका ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों ने लाखों के सोने-चांदी के जेवरात व नगदी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिसपर कोतवाली टीआई मनीष कुमार के नेतृत्व में एएसआई साहब सिंह, प्रधान आरक्षक अजित दुबे, आरक्षक आकाश पाठक, नरेंद्र पटेरिया, मनोज पांडे, राजेंद्र,विमला, आरती, साइबर सेल सौरभ टंडन, राकेश अठया, मयंक दुबे, रोहित, सीसीटीवी कंट्रोल रूम से महिला आरक्षक रितिका सहित अन्य पुलिसकर्मियों के विशेष योगदान से दो आरोपी रघुवीर पारदी 19 वर्ष झारिया विदिशा और जीतू पारदी झारिया विदिशा को गिरफ्तार कर एक चैन, दो अंगूठी, दो जोड़ी झुमकी, 3 मंगलसूत्र, 10 मोती, चार हाथ की चूड़ी, कीमती करीब 9 लाख, एक हाफ करधन, सात जोड़ी पायल, 21 जोड़ी बिछड़ी, तीन सिक्के कीमती करीब 70000, अन्य सामग्री दो मोटरसाइकिल मोबाइल और 4000 रूपये नगदी के साथ कुल मसरूका 11 लाख 4 हजार रुपए का वरामद किया गया है।



### तालाब में मिली नंदी के पत्थर से गड़ी हुई 10वीं शताब्दी की प्रतिमा



**पन्ना, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के पन्ना शहर के हृदय स्थल में स्थित ऐतिहासिक धरम सागर तालाब में चल रही खुदाई के दौरान एक महत्वपूर्ण पुरातात्विक खोज हुई है। श्रमिकों को तालाब की गहराई में 10वीं शताब्दी की एक अलंकृत सफेद पत्थर की नंदी प्रतिमा मिली है। इस खोज ने क्षेत्र के समृद्ध इतिहास और कलात्मक विरासत पर नया प्रकाश डाला है। सफेद रंग की इस प्रतिमा पर सुंदर नक्काशी है। जानकारों का कहना है कि यह सफेद पत्थर पन्ना में पाया जाता है।

# मेहनत और साहस सफलता के मूल मंत्रः कलेक्टर

कलेक्टर ने प्रावीण्य सूची में आने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावको, शिक्षकों को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों से परीक्षा की तैयारी एवं अनुभवों को साझा करते हुए उनके भविष्य के लक्ष्य की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेहनत और साहस के दो मूल मंत्रो के साथ आगे बड़ें। कलेक्टर ने मेधावी छात्रों के अभिभावकों से भी उनके त्याग और सहयोग की जानकारी लेकर इच्छा के अनुसार तय किए गए लक्ष्य के अनुसार आगे बड़ने में मदद करने की बात कही। कलेक्टर ने बच्चों से कहा कि सफलता पर रुकें नहीं, बल्कि सफलता को निरंतर बनाए रखने के लिए मेहनती प्रयास जारी रखें। अपने माता-पिता और गुरुजनों का सदैव आदर करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थी एवं शिक्षकों के सार्थक प्रयास से इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय सुधार आया है। उन्होंने सभी स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं तथा शैक्षिक गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार के लिए आवश्यक प्रयास की बात कही।




जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव ने भी सम्मान कार्यक्रम के अवसर पर छात्र-छात्राओं को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लगन और परिश्रम से आगे की पढ़ाई कर सफलता की निरंतरता बनाए रखें। जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे ने परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए परीक्षा पूर्व किए गए विभागीय स्तर पर समन्वित प्रयासों की जानकारी से अवगत कराया। साथ ही जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ द्वारा समय समय पर प्रदान किए गए मार्गदर्शन के प्रति आभार भी जताया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, सहायक संचालक शिक्षा अमित जैन, एडीपीसी भारती श्रीवास्तव, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित संबंधित विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षक एवं अभिभावक भी उपस्थित थे।

### पन्ना जिले के 8 मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी की परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले पन्ना जिले के 8 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा किया गया। मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम में हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त करने पर सरस्वती उ.मा. विद्यालय देवेन्द्रनगर की छात्रा प्रिया पटेल, नौवां स्थान प्राप्त करने पर रैनबो पब्लिक स्कूल की छात्रा ओशी जैन एवं शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय अजयगढ़ के छात्र महेन्द्र यादव, दसवां स्थान प्राप्त करने पर बीपी मेमोरियल उ.मा. विद्यालय शाहनगर के छात्र सौरभ कुशवाहा एवं सरस्वती ज्ञान मंदिर हाई स्कूल गुनौर के छात्र राज सिंह राजपूत का सम्मान किया गया। इसी तरह हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कला संकाय के शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय पन्ना के छात्र रंजीत कुमार पटेल को चौथा स्थान प्राप्त करने पर, शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय अजयगढ़ की छात्रा चंचल विश्वकर्मा को नौवां स्थान प्राप्त करने पर तथा शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय पन्ना के छात्र प्रकाश कुशवाहा को प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त करने पर कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने बच्चों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचाई।

## रेडक्रॉस सोसायटी दिवस के असवर पर वरिष्ठ पत्रकार अटल राजेंद्र जैन ने किया 15 वां रक्तदान



**दमोह, देशबन्धु।** आज गुरुवार रेडक्रॉस सोसायटी दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से वरिष्ठ पत्रकार अटल राजेंद्र जैन सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया।

इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार अटल राजेंद्र जैन ने आज 15 वीं बार रक्तदान करते हुए बताया कि इस समय भारत पाक युद्ध की आशंका है। ऐसे में हमारे जवानों को कभी भी रक्त की जरूरत पड़ सकती है। उनके साहस को सलाम करते हुए स्वप्रेरित होकर यह रक्त उन जरूरतमंद जवानों को इस घड़ी में काम आयेगा। इसलिए रक्तदान जरूर करे। उनके साथ आज कुल 7 रक्तदाताओं ने रेडक्रॉस सोसायटी के बैनरतले रक्तदान किया जिनमें मुख्य रूप से पत्रकार अटल राजेंद्र जैन, महेंद्र जैन, कृष्ण कुमार बरोहा जिला प्रबंध समिति सदस्य दमोह, महामाया रक्तदान समिति अध्यक्ष अखिलेश रजक, पत्रकार तनुज पाराशर, पत्रकार नरेन्द्र अहिरवार, शिवानी ठाकुर, जितेंद्र रोहित, भारत अहिरवार, सोनू अहिरवार, कृष्णा कहार सहित बड़ी संख्या में जिला अस्पताल स्टाफ एवं रक्तदाताओं की मौजूदगी रही।

## लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिए हुई बैठक

**पन्ना, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार,10 मई को नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन और राजीनामा के जरिए अधिकतम प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से आज प्रिसिटिंग बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन एवं विशेष न्यायाधीश व नोडल अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड व प्राधिकरण के सचिव राज कुमार गौड़ की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में क्लेम प्रकरणों के आवेदक एवं अनावेदक तथा बीमा कम्पनी के अभिभाषकगण उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी द्वारा बैठक में सालसा द्वारा क्लेम प्रकरणों में प्रतिकर राशि के संबंध में जारी गाइडलाइन अनुसार उभयपक्ष के मध्य विस्तार से चर्चा कर प्रतिकर राशि पर सहमति बनाई गई और प्रपोजल भी तैयार करवाए गए। बीमा कंपनी से सहमति प्राप्त होते ही उक्त सभी प्रकरणों का नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। प्रिसिटिंग बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन, बीमा कंपनी के अभिभाषक एम.एल. अवस्थी, आवेदक अधिवक्ता पवन शुक्ला, रोशन तिवारी, विजय शंकर पाण्डेय, के.के. तिवारी, अशोक शर्मा, नरेन्द्र श्रीवास्तव, डी.के. सेन, महेन्द्र द्विवेदी, दीपक उपाध्याय, रोशन तिवारी, विजय सिंह राजपूत, आनंद त्रिपाठी एवं करण सिंह भी उपस्थित रहे।



## अशासकीय शाला एवं मदरसों के निरीक्षण के लिए टीम गठित

**दमोह, देशबन्धु।** जिले में 392 अशासकीय शाला एवं मदरसा संचालित किये जा रहे हैं। जिला परियोजना समन्वयक ने बताया अशासकीय शाला एवं मदरसों के निरीक्षण हेतु जनशिक्षा केन्द्रवार 03 सदस्यीय टीम गठित की गई है। जनशिक्षा केन्द्र अंतर्गत संचालित अशासकीय शाला एवं मदरसों के निरीक्षण का उत्तरदायित्व गठित टीम का होगा, टीम के द्वारा समस्त शालाओं के निरीक्षण का कार्य 10 दिवस में पूर्ण करना होगा। शाला निरीक्षण हेतु एक प्रपत्र प्रदाय किया जा रहा है, प्रपत्र में जानकारी सभी बिन्दुओं की निरीक्षण कर्ता टीम द्वारा भरी जायेगी। कार्य उपरांत जनशिक्षा केन्द्र के समस्त शालाओं की जानकारी अर्थात प्रपत्रों को संकलित करते हुऐ, संबंधित जनपद शिक्षा केन्द्र में जमा की जायेगी। इसके पश्चात विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, जनशिक्षा केन्द्रवार प्रपत्रों को संकलित करेगें और एम.एस. एक्सेल में प्रपत्रानुसार बिन्दुओं की जानकारी तैयार करेगें, जानकारी तैयारी होने के पश्चात बी.आर.सी. प्रपत्रों सहित जानकारी जिला शिक्षा केन्द्र दमोह में 10 दिवस में जमा की जायेगी।

## स्कूलों में आए 52 प्रतिशत परीक्षा परिणाम के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**दमोह, देशबन्धु।** जिले में इस वर्ष स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहद निराशाजनक रहा, जहां केवल 52 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। इस गिरते शैक्षणिक स्तर को लेकर आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गहरी चिंता जताते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

एबीव्हीपी के कार्यकर्ताओं ने जिले के विभिन्न स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी कम सफलता दर से स्पष्ट होता है कि शिक्षा प्रणाली में कहीं न कहीं गंभीर खामियाँ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षकों की कमी, नियमित कक्षाओं का अभाव और परीक्षा से पहले उचित मार्गदर्शन न मिलना जैसे कई कारण छात्रों की विफलता के लिए जिम्मेदार हैं। ज्ञापन सौंपते समय एबीव्हीपी के जिला संयोजक ने कहा हमारी मांग है कि शिक्षण गुणवत्ता में सुधार किया जाए, विषय विशेषज्ञ शिक्षक नियुक्त किए जाएँ और छात्रों को समय पर शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएँ। एबीव्हीपी ने चेतावनी दी कि यदि जिला प्रशासन जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाता तो वे आगे और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### जिला पंचायत सीईओ ने खेत तालाब योजना के तहत समक्ष में कराया लेआउट

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने आज पन्ना विकासखण्ड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत रहुनियां का भ्रमण किया। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के संबंध में उपस्थितजनों से चर्चा की। इसके अलावा हितग्राहियों से संवाद कर 20 हितग्राहियों के खेत में खेत तालाब योजना के तहत समक्ष में लेआउट भी कराया। इसके अलावा ग्राम पंचायत रक्सेहा में पूर्व से निर्मित तालाब में अभियान अंतर्गत साफ-सफाई कार्यक्रम में सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणजनों के साथ सहभागिता भी की।जिला पंचायत सीईओ ने जमुनहाई में प्रधानमंत्री आवास योजना के समस्त हितग्राहियों की चौपाल आयोजित कर सौर ऊर्जा सोलर प्लांट लगाने के संबंध में चर्चा की। इस दौरान बिजली से होने वाली असुविधा और सौर ऊर्जा युक्त ग्राम के लाभ बताए गए। इस कार्यक्रम में भी ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की और सौर प्लांट लगाने की सहमति दी। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित जनपद पंचायत सीईओ आनंद शुक्ला, सहायक यंत्री प्रशांत नायक, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी भगवत पटेल, उपयंत्री राकेश अरजरिया भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने जल निगम कार्यालय के निर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गुरूवार को बायपास रोड स्थित जल निगम पन्ना कार्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। मेसर्स कल्पतरू बिल्डर्स द्वारा भवन का निर्माण कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा भवन निर्माण के संबंध में जल निगम के महाप्रबंधक शिवम सिन्हा से ड्राइंग व डिजाइन इत्यादि की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता का भी अवलोकन किया। इसके अलावा स्टॉफ क्वार्टर के निर्माण के लिए निर्माणाधीन भवन के सामने प्रस्तावित भूमि के संबंध में सीमांकन सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी उपस्थित पटवारी को दिए। आवास निर्माण के दौरान भी निर्धारित शर्तों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

### मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में

दमोह, देशबन्धु। श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर कॉरिडोर भूमि पूजन को लेकर बांदकपुर आ रहे मध्य प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के आगमन की तैयारी का जायजा लेने डीआईजी सागर सुनील कुमार जैन पहुंचे बांदकपुर, इस दौरान कलेक्टर कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, एएसपी संदीप मिश्रा, एसडीएम आरएल बागरी, एसडीओपी पथरिया रघु केसरी उनके साथ रहे।

# जागेश्वर धाम लोक की बहुप्रतीक्षित मांग होगी पूरी : लोधी

**दमोह, देशबन्धु।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि 9 मई को बांदकपुर की बहुप्रतीक्षित मांग जागेश्वर धाम लोक के प्रथम चरण के भूमि पूजन से क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने जा रही है। साथ ही राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज 09 मई को बांदकपुर जागेश्वरधाम के भूमि पूजन के पश्चात कार्य प्रारंभ हो जायेगा। देव श्री जागेश्वरनाथ लोक बांदकपुर निर्माण की पहली श्रृंखला में स्वीकृत राशि 9.98 करोड़ से प्रथम चरण में मुख्य प्रवेश द्वार, सुगमता क्षेत्र (कतर क्षेत्र, प्रशासनिक क्षेत्र, सहायता केंद्र, जूता घर), व्यावसायिक दुकानें, गौशाला, हवन क्षेत्र, पाथवे एवं लैंडस्केप आदि का कार्य सवारियां कंस्ट्रक्शन, छतरपुर द्वारा किया जा रहा है। देव श्री जागेश्वरनाथ लोक बांदकपुर के प्रस्तावित कार्य मौजूदा भवन का नवीनीकरण जिसके अन्तर्गत टेम्पल शॉप, केंटीन, विवाह मंडप (कथा हाल) धर्मशाला, किचन ब्लॉक, बावड़ी का जीर्णोद्धार, मंदिर परिसर के अन्तर्गत अगंतुक सुविधा केंद्र, भजन हॉल, पूजा हॉल, एड्मिन हॉल, अन्न क्षेत्र एवं व्यावसायिक एरिया तथा मंदिर के बाहर सुविधा केंद्र, व्यावसायिक कॉम्पलेक्स (मैरिज हॉल, धर्मशाला, दुकाने) फूड कोर्ट, व्याख्या केंद्र, संस्कृत स्कूल, बॉयज और गर्ल्स हॉस्टल, टीचर्स कॉर्टर, ध्यान केंद्र, ओपन एयर थियटर, पार्किंग, गौशाला, कल्वर्ट, एंट्रेस गेट, बाउन्ड्री वॉल, आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। कॉरीडोर 5 चरणों में पूरा होगा और निश्चित रूप से 100 करोड़ का भव्य कॉरिडोर आने वाले समय में बन कर तैयार होगा।

### रूद्र मैदान बांदकपुर में मुख्यमंत्री करेंगे भूमिपूजन

जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बांदकपुर धाम में देव श्री जागेश्वरनाथ लोक का भूमिपूजन आज 09 मई को अपराह्न 03 बजे रूद्र मैदान में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व वित्त मंत्री और विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया करेंगे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी, विधायक हटा उमा देवी खटीक, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे की गरिमामयी मौजूदगी में सम्पन्न होगा।

# स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास कार्यों में लाएं तेजी: उपमुख्यमंत्री



**सागर, देशबन्धु।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने के लिये अधोसंरचना विकास कार्यों की गति बढ़ाने की आवश्यकता है। यह बात उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुरुवार को सागर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों के साथ-साथ आवश्यक उपकरणों और फर्नीचर की खरीद भी समानांतर रूप से सुनिश्चित की जाये, ताकि भवन निर्माण पूर्ण होने के बाद संचालन में कोई बाधा न आये। श्री शुक्ल ने लैंड एलॉटमेंट की प्रक्रिया में तेजी लाने और निर्माण एजेंसियों तथा ठेकेदारों को समय पर भुगतान करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिये सतत निगरानी की आवश्यकता है। जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर कार्य करने और सभी परियोजनाओं की पूर्व जानकारी उन्हें देने के निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में उन्होंने बीएमसी, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप स्वास्थ्य केंद्रों से जुड़े लगभग 447 करोड़ रुपये के निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिला चिकित्सालय में 100 बिस्तरीय नवीन भवन का शीघ्र लोकार्पण करने और बीना अस्पताल के नवीनीकरण तथा डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। श्री शुक्ल ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत हो रहे कार्यों को भी शीघ्रता से आगे बढ़ाने को कहा। उन्होंने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, टेलीमेडिसिन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा संवेदनशीलता के साथ कार्य करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में विधायक शैलेन्द्र जैन ने बीएमसी में मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर की संख्या बढ़ाने, शौचालयों के निर्माण और रखरखाव तथा जिला चिकित्सालय में एफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना की आवश्यकता जताई। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की आवश्यकताओं से संबंधित मुद्दे उठाये। उपमुख्यमंत्री ने दोहराया कि अधोसंरचना, मानव संसाधन, तकनीकी, उपकरण और प्रबंधन के स्तर पर समन्वित प्रयासों से ही स्वास्थ्य सेवाओं को जनहितकारी और प्रभावशाली बनाया जा सकता है। बैठक में विधायक वीरेंद्र लोधी, निर्मला सप्रे, महापौर संगीता तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, रानी कुशवाहा, कलेक्टर संदीप जीआर, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद थे।

### अब टेलीमेडिसिन से विशेषज्ञ डॉक्टरों से होगी सीधी बात, बीएमसी में सेंटर का शुभारंभ



उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शनिवार को बीएमसी में टेलीमेडिसिन सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि अब मरीज अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों से ही विशेषज्ञ डॉक्टरों से सीधे बात कर सकेंगे और समय पर उचित इलाज प्राप्त कर सकेंगे। यह सुविधा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की प्राथमिकता वाली योजनाओं में से एक है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मौजूद मरीजों की भीड़ और टेलीमेडिसिन कॉल्स की संख्या बीएमसी के प्रदर्शन का पैमाना बनेगी। उन्होंने सभी आरोग्य केंद्रों, पीएचसी व सीएचसी में इस सेवा को अनिवार्य रूप से शुरू करने के निर्देश दिये, साथ ही कहा कि वहां डॉक्टरों की सूची और उनके फोन नंबर प्रदर्शित किये जायें ताकि जरूरत पड़ने पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग या वर्चुअल माध्यम से विशेषज्ञ सलाह मिल सके। शुभारंभ के मौके पर उपमुख्यमंत्री ने पीएचसी बरकोटी से जुड़े डॉ. राहुल और एक मरीज से वीडियो कॉल के माध्यम से बातचीत कर उनके उपचार की जानकारी ली। टेलीमेडिसिन के नोडल डॉ. भूपेंद्र रोहित ने मरीज की स्वास्थ्य स्थिति जैसे ब्लड प्रेशर, शुगर आदि की जानकारी ली और जरूरी जांच व दवा की सलाह दी। बीएमसी के डॉ. रमेश पांडे ने बताया कि इस सुविधा के लिये डॉ. रुचि जयसवाल, डॉ. अंकित जैन, डॉ. दिनेश जैन और डॉ. पीयूष जैन को नियुक्त किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर अन्य विशेषज्ञ भी सेवा देंगे। विधायक शैलेंद्र जैन ने बीएमसी में हृदय रोग संबंधी उपकरण और विशेषज्ञ डॉक्टरों की आवश्यकता को लेकर चर्चा की। इस पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शासन पीपीटी मोड पर इस दिशा में कार्य कर रहा है और जल्द ही निर्णय लेकर सागरवासियों को सुविधा प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी, डॉ. मनीष जैन, डॉ. सौरभ जैन सहित बीएमसी के सभी विभागों के डॉक्टर उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत की गई गतिविधियां



**सागर, देशबन्धु।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पगारा में बावड़ी की सफाई नव अंकुर संस्था महिम, बुंदेलखंड उत्थान समिति के तत्वाधान में लगभग 500 वर्ष पुरानी बावड़ी के घाटों की साफ सफाई एवं जन जागरूकता संदेश के तहत रैली निकाली एवं उपस्थित ग्रामीण जनों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। नवांकुर संस्था से सीमा कबीर पंथी ने उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि यह बावड़ी हमारी धरोहर है हम सभी को मिलजुल कर इसकी साफ सफाई एवं देखरेख करना चाहिये। विकासखंड समन्वयक अंजलि पाठक ने कहा कि जल संरक्षण कार्यक्रम में सभी की सहभागिता आवश्यक है जल है तो कल है जल बचाने के लिये हमें सोखता गड्ढे आदि बनाना चाहिये एवं अपने आसपास के तालाब बावड़ी नदी नालों की सफाई सभी ग्रामीणों को मिल जुलकर करना चाहिये। इस अवसर कन्हैया लाल लोधी, देवपाल सिंह, रामकुमार यादव, हरि सिंह यादव, रामकृष्ण कटारे, गोलू पुरी गोस्वामी सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर विधायक ने तैयारियों की समीक्षा की



**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह, निकाह सम्मेलन का आयोजन 14 मई को बालाजी मंदिर परिसर में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत किये जा रहे सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी को लेकर विधायक शैलेंद्र जैन ने निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं पार्षदों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक ली। विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ हर गरीब व्यक्ति को मिलना चाहिये इसके लिये सभी वार्डों में व्यापक रूप से पार्षद एवं अधिकारी प्रचार प्रसार करें। विवाह सम्मेलन का आयोजन बुंदेली परंपरा से किया जाये इसकी व्यापक तैयारी करें। नगर निगम द्वारा आयोजन के सफल संचालन के लिये बनाई गई समितियां जिनमें पानी की व्यवस्था, कंट्रोल रूम एवं उद्घोषणा पार्किंग, यातायात, सफाई व्यवस्था, फायर ब्रिगेड एवं चलित शौचालय, वीडियोग्राफी, कन्या पूजन, अतिथि सत्कार, भोजन की व्यवस्था एवं पात्र हितग्राहियों की जांच कर कूपन वितरण, मंडप व्यवस्था, वेदी निर्माण एवं पूजन सामग्री वितरण, रजिस्ट्रेशन नंबर वितरण बारात एवं विदाई व्यवस्था आदि की जानकारी ली। बैठक में विधायक ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन में आने वाले व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका ध्यान रखें। बैठक मे मेघा दुबे, याकृति जड़िया, विशाल खटीक, वसीम खान, कार्यपालन विजय दुबे सहित नगर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# उप मुख्यमंत्री प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में भाजपा की बैठक हुई आयोजित



**सागर, देशबन्धु।** गुरुवार को उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. राजेन्द्र शुक्ल दो दिवसीय जिला प्रवास के दौरान संभागीय भाजपा कार्यालय पहुंचे। जहां जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने जनप्रतिनिधि पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ उनका स्वागत किया। प्रभारी मंत्री एवं अतिथियों के आगमन पर महिला मोर्चा की बहनों द्वारा तिलक लगाकर एवं आरती के साथ उनका स्वागत किया। पार्टी कार्यालय पहुंचने पर प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ व जनप्रतिनिधियों से क्रमशः भेंट की। इस दौरान पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं व आम जनों ने विभिन्न कार्यो से संबंधित मांग पत्र व समस्याओं को प्रभारी मंत्री के समक्ष रखा। प्रभारी मंत्री ने सभी की मांगों व समस्याओं को सुनते हुये उनके अविलंब निराकरण के लिये आश्वासित किया। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट वार्ता से पहले प्रभारी मंत्री भाजपा के जिला स्तरीय कोर कमेटी की बैठक में शामिल हुये। बैठक की विषय प्रस्तावना एवं स्वागत उद्बोधन जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने दिया। बैठक में विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई एवं आगामी कार्यक्रमों के निमित्त रूपरेखा तय हुयी। बैठक के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिये एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। बैठक में श्यामसुंदर शर्मा, कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह, प्रभुदयाल कुशवाहा, विधायक शैलेंद्र जैन, विधायक बंडा वीरेंद्र सिंह लोधी, रानी कुशवाहा, जिलाध्यक्ष सागर ग्रामीण, महापौर संगीता तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत सहित सदस्य शामिल हुये।

## कौमी एकता के प्रतीक धामोनी वाले बाबा के उर्स की तैयारियां पूर्ण



### आज संदली चादर के साथ होगी 3 दिवसीय उर्स की शुरुआत

**सागर, देशबन्धु।** सर्वधर्म, कौमी एकता के प्रतीक हजरत सैयद मो. इश्हाक वली शामी उर्फ बाबा बालजती शाह रह. अलैह धामोनी वाले बाबा का तीन दिवसीय सालाना उर्स 9 से 11 मई रविवार तक संपन्न होगा। दरगाह प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर ने बताया कि एसडीएम बण्डा एवं एसडीओपी बण्डा एवं तहसीलदार बण्डा ने उर्स की तैयारियों व व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये तैयारियों को अंतिम रूप देते हुये उर्स आयोजन को प्रभावी रूप से सफलतम संपन्न कराने की बात कही। धामोनी वाले बाबा के सालाना उर्स की शुरुआत 9 मई शुक्रवार को वाद नमाज जुमा संदली चादर के साथ होगी तथा बाद नमाज इशा मीलाद शरीफ होगी। 10 मई को कब्बाली प्रोग्राम के उद्घाटन उपरान्त हिंदुस्तान के मशहूर कब्बाल नईम साबरी कब्बाल पार्टी और नुसरत खानम कब्बाला पार्टी के बीच तथा 11 मई रविवार को रईस अनीश साबरी कब्बाल पार्टी और मीना नाज कब्बाला पार्टी के बीच तमाम रात कव्वालियों का मुकाबला होगा। बाबा के उर्स में दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी मन्नतें लेकर आते हैं। उर्स आयोजन को लेकर दरगाह प्रबंध कमेटी द्वारा उर्स की व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेवारी सौंपी गई है। जिसमें दरगाह सजावट व्यवस्था, बाजार व्यवस्था, स्टेज व्यवस्था, टेट साउण्ड, डेकोरेशन व्यवस्था, देग प्रसाद वितरण और साफ सफाई व्यवस्थाओं आदि को लेकर प्रभारी बनाये गये। इस दौरान दरगाह प्रबन्ध कमेटी, उर्स कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### हर्ष गुप्ता का सुयश



**सागर, देशबन्धु।** सीआर मॉडल बहु उच्च. माध्य. शाला सागर के विज्ञान संकाय की गणित समूह के छात्र हर्ष गुप्ता ने सत्र 2025,12 वीं बोर्ड की परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण की है। इस होनहार एवं प्रतिभा संपन्न छात्र की समस्त शाला परिवार भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहा है। इस उपलब्धि पर सीआर मॉडल मॉडल स्कूल प्राचार्य एसके रोहण ने अपनी शुभकामनायें प्रेषित करते हुए कहा की यह सफलता निश्चित रूप से कठिन परिश्रम एवं निरंतर अध्ययन से ही प्राप्त हो पाई है। मैं चाहता हूं कि तुम इसी तरह अपनी सफलता को निरंतर बनाये रखते हुये करते हुये श्रेष्ठता के उच्च शिखर को प्राप्त करें। समस्त शाला परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सफलता प्राप्त करने पर एसएम औदिच्य, डॉ. अरुण कुमार सोनी, आरके सेन, एनपी सकवार, योगेश घोसी, रविंद्र तिवारी आदि ने बधाई प्रेषित की।

## विद्युत लाईन के खम्बों से तार चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**सागर, देशबन्धु।** 7 मई को फरियादी चन्द्रभूषण प्रसाद पिता स्व. राजेन्द्र प्रसाद साहू उम्र 36 साल निवासी दीनदयाल नगर बंसल हॉस्पिटल के पास थाना मकरोनिया ने थाना मोतीनगर रिपोर्ट लेख कराई कि 27 अप्रैल को विद्युत विभाग भापेल के स्टॉफ प्रताप अहिरवार ने सुबह 8 बजे फोन करके सूचना दी कि बिजली के 33 केवी सिहोरा लाईन के 3-4 खम्बों के तार कीमती करीब 1 लाख 50 हजार रूपये कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया एवं 10 नंबर पोल तोड दिये गये है। कीमत करीब 50 हजार रूपये खेरा भापेल से संतोष नगर भटुआ तक लाईन छतिग्रस्त हो गई है कुल कीमत करीब 2 लाख रूपये का नुकसान हुआ है, की रिपोर्ट पर अपराध धारा 302 (ई), 324(4) भारतीय न्याय संहिता 2023 अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना कार्यवाही करते हुये मुखबिर सूचना तंत्र के आधार पर आरोपीगण मोह. अजीम पिता मोहम्मद रईस 27 वर्ष, अनस पिता मोहम्मद नफीस उम्र 23 साल दोनों निवासी जाकिर हुसैन कॉलोनी मेरठ उत्तर प्रदेश व अपचारी बालक उम्र 17 साल 7 माह को 8 मई को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसने अपराध कारित करना स्वीकार किया तथा चोरी किये गये विद्युत तार के 15 बण्डल कीमत 1 लाख 50 हजार रूपये व घटना प्रयुक्त स्कूटी कीमत 50,000 रूपये की पेश करने पर जप्ती कर आरोपीगण को न्यायालय व अपचारी बालक को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय बोर्ड सागर पेश किया। आरोपीगण तार को एकत्रित कर दिल्ली भेजते थे। आरोपियों ने बताया कि तार को स्वंय चोरी करते थे और कुछ कबाडियों से भी चोरी का तार लेते थे जिसके संबंध में विवेचना जारी है। उक्त कार्यवाही में निरी. जसवंत राजपूत थाना प्रभारी मोतीनगर, ललित बेदी, नदीम शेख, जानकी रमण मिश्रा, प्रमोद बागरी, पवन सिंह, चंदन, नेकराम, योग प्रकाश, अंचल सेन, नगर रक्षा समिति सदस्य का योगदान रहा।

## ट्रेन के टॉयलेट में युवक ने फांसी लगाई, सागर में उतारा गया शव

**सागर, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन पर अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस 19413 ट्रेन के टॉयलेट में यात्री का शव मिला है। शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही ट्रेन को दोपहर 2.10 बजे सागर स्टेशन पर रोका गया। जीआरपी और आरपीएफ की टीम मौके पहुंची। शव को ट्रेन से नीचे उतारा गया। इस दौरान करीब 1 घंटे तक ट्रेन रेलवे स्टेशन पर रुकी रही। युवक की उम्र 30-35 साल के आसपास लग रही है। वह पीछे की तरफ लगे जनरल कोच में यात्रा कर रहा था। जानकारी के मुताबिक ट्रेन बीना जंक्शन से रवाना हुई। इस दौरान बोगी में सवार दूसरे यात्री वॉशरूम यूज करने गये तो वहां युवक का शव फंदे पर लटके देखा। युवक ने अपनी ही शर्ट से फांसी का फंदा बनाया था। ट्रेन के टीटीई ने स्टेशन मैनेजर और जीआरपी को मामले की जानकारी दी। सागर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंचने के बाद जीआरपी ने फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। एफएसएल टीम ने ट्रेन के टॉयलेट में जाकर घटनाक्रम से जुड़े साक्ष्य जुटाये। जीआरपी के सब इंस्पेक्टर संतोष मर्सकोले ने बताया कि ट्रेन में जिस युवक का शव मिला है उसकी पहचान नहीं हो सकी है। उसके पास से कोई पहचान पत्र या रेल टिकट भी नहीं मिला है। आसपास के स्टेशनों को मृतक के संबंध में सूचना दी जा रही है, ताकि उसकी पहचान कराई जा सके।

## नगर निगम के नवीन भवन में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिये पांच करोड रुपये की राशि स्वीकृत

**सागर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने नगर निगम कार्यालय के नवीन भवन में फर्नीचर, सीसीटीवी कैमरे, पार्टीशन सहित आवश्यक व्यवस्थाओं के लिये 5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। उल्लेखनीय है कि निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने भोपाल प्रवास के दौरान विधायक शैलेंद्र जैन, जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से भेंटकर पत्र सौंपकर नगरनिगम कार्यालय के नवीन भवन में फर्नीचर व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, पार्टीशन सहित अन्य आवश्यक कार्य किया जाने हेतु 5 करोड़ रुपये की मांग की थी। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री द्वारा 5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृति प्रदान कर दी है। निगमाध्यक्ष ने 5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री, नगरीय विकास, आवास मंत्री एवं विधायक शैलेंद्र जैन का आभार व्यक्त किया।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि में शोध की गुणवत्ता को बढ़ाने और वैश्विक पटल पर विवि को आगे बढ़ाने के लिये कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के मार्गदर्शन में उन्नत अनुसंधान केंद्र सीएआर में गैस क्रोमैटोग्राफी मास स्पेक्ट्रोमेट्री जीसी-एमएस पर एक दिवसीय हैंड्स ऑन प्रशिक्षण का आयोजन केमिस्ट्री विभाग में किया गया, जिसमें कुल 33 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्नत अनुसंधान केंद्र की मुख्य समन्वयक प्रो. श्वेता यादव की पहल पर विभिन्न उपकरणों पर विवि में समय-समय पर कार्यशाला का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। डॉ. विवेक कुमार पांडे, सीएआर ने केंद्र के संक्षिप्त परिचय के साथ सत्र की शुरुआत की और ऐसे कार्यक्रमों के महत्व के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी और प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के लिये शुभकामनायें दीं। मुख्य वक्ता डॉ. कल्पतरु दास एवं डॉ. दीपांषी जायसवाल प्रभारी शिक्षक थे। डॉ. दीपांषी जायसवाल ने प्रतिभागियों को एप्लाइड साइंसेज के विविध क्षेत्र में जीसी एमएस और उन्नत उपकरणों के उपयोग की महत्ता को बताया और तकनीक के सामान्य परिचय और सिद्धांत की जानकारी दी। उनके द्वारा सैम्पल तैयार करने और अनुप्रयोगों के बारे में बहुत ही बुनियादी से लेकर उन्नत स्तर तक जानकारी दी गई। प्रतिभागियों द्वारा जीसी एमएस तकनीक पर संपूर्ण हैंड्स ऑन सत्र सीएआर तकनीकी टीम के डॉ. विवेक कुमार पांडे, सौरभ साह, आशीष चढ़ार, अरविंद चडार, स्वतंत्र अग्रवाल, अंशुल चौधरी और प्रियंका अहिरवार की तकनीकी देखरेख में आयोजित किया गया।

# भव्यता के साथ संपन्न हुआ नरयावली विधानसभा का मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन

### 1119 जोड़े बंधे दांपत्य जीवन में, मुख्यमंत्री ने नवयुगलों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी



**सागर, देशबन्धु।** नरयावली विधानसभा का रजाखेड़ी बजरिया में गुरुवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। विधायक प्रदीप लारिया द्वारा आयोजित इस 16 वें पुण्य विवाह सम्मेलन में 1119 नवयुगल विवाह बंधन में बंधे। इस विवाह सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर वर-वधु को आशीर्वाद और शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण के साथ आगे बढ़ रही है। इसी भावना को दृष्टिगत रखकर सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संबल प्रदान कर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना संचालित की जा रही है। विवाह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि दो परिवारों का मिलन है। एक नये रिश्ते की शुरुआत है। ऐसे में परिवार की लाज रखते हुये अपने दांपत्य जीवन को सुखमय बनाकर सात जन्मों के संकल्प को पूरा करें। डिप्टी सीएम एवं जिला प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नव विवाहित जोड़ों को अपनी शुभकामनायें देते हुये कहा कि विवाह सम्मेलन समाज की प्रगतिशील सोच का परिचायक है। इससे दहेज जैसी कुप्रथाओं, शादियों में फिजूल खर्ची पर रोक लगी है। सामूहिक विवाह सम्मेलनों से जातिगत विषमताओं को भी दूर किया जा रहा है। विधायक लारिया ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि वे विगत 16 वर्षों से निरंतर पुण्य सम्मेलन का आयोजित करते आ रहे है। बेटी का कन्यादान दुनिया का सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। आयोजन में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं अतिथियों की सहभागिता से नवयुगलों में हर्ष और आत्मविश्वास बढ़ा। सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बुंदेली कलाकार कविता शर्मा छतरपुर एवं जयसिंह राजा परमार उत्तर प्रदेश द्वारा प्रस्तुत लोकगीतों के माध्यम से देश भक्ति गीतों से सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजन छूम उठा। गीतों में दिखा ऑपरेशन सिंदूर। गर्मी को दृष्टिगत रखते हुये विवाह पंडाल को फाग एयर कुलिंग किया गया, जिससे लोगों को बड़ी राहत महसूस हुई। आयोजन में वर-वधु परिजनों एवं अतिथियों के भोजन, पेयजल एवं शीतल छाछ की उत्तम व्यवस्था की गई, जिसकी प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में मंत्री गोविंदसिंह राजपूत, विधायक शैलेन्द्र जैन, बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी, बीना विधायक निर्मला सप्रे, जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, जिला अध्यक्ष ग्रामीण रानी कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, प्रभुदयाल पटैल मकरोनिया नपाध्यक्ष मिहीलाल, कलेक्टर संदीप जीआर, पुलिस अधीक्षक विकास सहवाल, सहित बडी संख्या में गणमान्य जन शामिल हुये।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।